# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024






गुरुपुष्य नक्षत्र के शुभ शगुन पर खुशहाली
सच्चा
पुष्य नक्षत्र योग
24 अक्टूबर को सुबह 11.38 से प्रारंभ
25 अक्टूबर दोपहर 12.35 तक
इसी दिन लक्ष्मीनारायण, सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग भी.
Lifetime* Free Repair and Polish
100%* Buy Back on Gold - Diamond - Polki Value
HALLMARKED GOLD
BIS CERTIFIED JEWELLERS
BIS
100% HUID
BIS Certified Hallmarked Gold & Diamond Jewellery
No Credit Card Charges
No additional handling charges on paying by credit or debit cards of any bank.


और समृद्धि के लिए पधारें आनंद ज्वेल्स
Valet Parking
ग्राहकों की सुविधा हेतु 100 गाड़ियों
की सुगम पार्किंग उपलब्ध है,
सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर
anand®
Jewels
Beautiful Jewels at Honest Prices™
Pandri, Raipur
purplefocus.com

## खबर संक्षेप

### गुरुचरण होरा सहित तीन को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**रायपुर।** बिलासपुर हाईकोर्ट ने ग्रैंड ग्रुप के चेयरमैन गुरुचरण सिंह होरा, डायरेक्टर तरणजीत होरा तथा गुरमीत सिंह भाटिया की अग्रिम जमानत स्वीकृत कर ली है। इनके खिलाफ हैथवे सीसीएन मल्टीनेट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर जाली दस्तावेजों के माध्यम से कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद इसे सिविल प्रवृत्ति का अपराध मानते हुए मामले में बिना कोई टिप्पणी किए जमानत मंजूर कर ली है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की कोर्ट में हुई। मामले की पैरवी अनिल खरे, प्रियंका अग्रवाल तथा अभिषेक गुप्ता ने की है।

### छोटा राजन को जमानत आजीवन कारावास की सजा भी निलंबित

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को गैंगस्टर छोटा राजन को



जमानत दे दी। उसे 4 मई, 2001 में दक्षिण मुंबई में गोल्डन क्राउन होटल की मालिक जया शेट्टी की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। 30 मई, 2024 को एक स्पेशल मकोका कोर्ट ने राजन को अन्य लोगों के साथ दोषी ठहराया था। साथ ही उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, अब बॉम्बे हाई कोर्ट ने उसकी उम्रकैद की सजा को खत्म कर दिया है। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने छोटा राजन को जमानत के लिए 1 लाख रुपये का बॉन्ड भरने का निर्देश दिया है। हालांकि, छोटा राजन अन्य आपराधिक मामलों में सलाखों के पीछे ही रहेगा। इससे पहले मई में एक स्पेशल कोर्ट ने होटल व्यवसायी की हत्या के मामले में छोटा राजन को दोषी ठहराया था। साथ उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग का फार्मूला तय

# एमवीए के घटक दल 85-85 सीट पर लड़ेंगे चुनाव, विमर्श अब भी जारी

*कांग्रेस, राकांपा (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) के गठबंधन 'महा विकास आघाडी' (एमवीए) ने बुधवार को महाराष्ट्र में 85-85 सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की। हालांकि सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने पर विचार-विमर्श अब भी जारी है।*

**शिवसेना सांसद संजय राउत ने दी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कुल 288 सीट में से 270 पर सहमति बन गई है। राउत ने कहा, "हम सपा, पीडब्ल्यूपी, माकपा, भाकपा और 'आप' को शामिल करेंगे। शेष सीट के लिए अब भी चर्चा चल रही है। हम सौहार्दपूर्ण ढंग से 270 सीट पर सहमति पर पहुंचे हैं। महायुति सरकार को हराने के लिए एमवीए एकजुट है।" महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि बाकी सीट छोटी पार्टियों के लिए छोड़ी जाएंगी।

**288** सीटों पर एक ही चरण में 20 नवंबर को होगी वोटिंग

**23** नवंबर को जारी किए जाएंगे नतीजे



### सपा ने मांगी 12 सीटें

*सपा ने एमवीए से 12 सीटों की मांग की हैं। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने 19 अक्टूबर को कहा कि धुले विधानसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमने एमवीए से 12 सीटें मांगी हैं। पार्टी ने 18 अक्टूबर को भिवंडी पूर्व से मौजूदा विधायक रईस शेख, भिवंडी पश्चिम से रियाज आजमी और मालेगांव मिडल से शान-ए-हिंद को प्रत्याशी बनाया है। विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी 99 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर चुकी है। पार्टी ने इस बार 79 उम्मीदवारों के टिकट रिपीट किए हैं। वहीं शिवसेना शिंदे ने भी 45 उम्मीदवारों के नामों का एलान कर दिया है।*

### उद्धव गुट की पहली लिस्ट आदित्य वर्ली से लड़ेंगे चुनाव

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शिवसेना (यूबीटी) ने पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 65 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। आदित्य ठाकरे वर्ली से चुनाव लड़ेंगे, जबकि ठाणे सीट से राजन विचारे को टिकट दिया गया है। रत्नागिरि से सुरेंद्रनाथ माने को चुनावी मैदान में उतार गया है।

**अजित पवार की की पहली लिस्ट, बारामती से लड़ेंगे :** एनसीपी अजित पवार ग्रुप ने महाराष्ट्र विधानसभा के लिए अपनी पहली सूची की घोषणा कर दी है। बीजेपी और शिवसेना के महागठबंधन के सहयोगी अजित पवार गुट ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। कुल 38 उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। महागठबंधन से एनसीपी अजित पवार गुट ने विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा कर दी है। पहली सूची में सबसे ऊपर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी अध्यक्ष अजीत पवार का नाम है। वह बारामती विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। मैदान में अन्य उम्मीदवार छगन भुजबल (येवला), दिलीप वलसे पाटिल (अंबेगांव) हैं।

### झामुमो की दूसरी लिस्ट रांची से लड़ेंगी महुआ माजी

**रांची।** राज्यसभा सांसद महुआ माजी रांची से झामुमो की उम्मीदवार होंगी। वह रांची विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से पार्टी की दूसरी लिस्ट जारी की गयी है। इससे पहले मंगलवार की रात 35 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की गयी थी। झामुमो ने महुआ माजी को रांची विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। इनका मुकाबला बीजेपी के सीपी सिंह से होगा। इससे पहले वह रांची विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं. इन्होंने बीजेपी के सीपी सिंह को कड़ी टक्कर दी थी। महुआ माजी राज्यसभा की सांसद हैं. पार्टी ने एक बार फिर इन्हें रांची से उतारा है। 24 अक्टूबर को महुआ माजी नामांकन करेंगी।



**राज ठाकरे ने बेटे अमित को माहिम से बनाया प्रत्याशी**

*महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने अपने 45 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी की थी। इस सूची में मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे का नाम माहिम से प्रत्याशी के तौर पर जारी किया गया है। वहीं मनसे प्रवक्ता और पूर्व पार्षद संदीप देशपांडे वर्ली से चुनाव लड़ेंगे।*

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दिया झटका

# शराब पर कानून बनाने का अधिकार राज्य के पास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शराब पर कानून बनाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 23 अक्टूबर यानी बुधवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने औद्योगिक शराब पर केंद्र सरकार के अधिकार को खत्म कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि औद्योगिक शराब पर कानून बनाने का अधिकार राज्य के पास है। केंद्र सरकार के पास शराब के उत्पादन पर कानून बनाने का अधिकार नहीं है। बता दें कि इस मामले की सुनवाई सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच कर रही थी। बेंच में कुल नौ न्यायाधीश थे। इस मामले की सुनवाई करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने टिप्पणी भी की। शराब के उत्पादन से जुड़े कानून बनाने का अधिकार राज्य से नहीं छिना जा सकता। उन्होंने कहा कि राज्य के पास शराब उत्पादन और सप्लाई को लेकर भी नियम बनाने का अधिकार है।



### 32 साल पुराना फैसला पलटा गया

शराब नीति मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 32 साल पुराने फैसले को पलट दिया है। बता दें कि 1990 में सात न्यायाधीशों की बेंच ने सिंथेटिक्स और केमिकल्स मामले में फैसला सुनाया था। उस वक्त फैसला केंद्र सरकार के पक्ष में सुनाया गया था। तब सुनवाई करते हुए सात जजों की बेंच ने कहा था कि राज्य के पास औद्योगिक शराब पर कानून बनाने का अधिकार नहीं है।

### गुजरात के किसानों को राहत पैकेज देगी सरकार

**अहमदाबाद।** गुजरात में मॉनसून सीजन के दौरान कई जगहों पर भारी बारिश हुई। खासकर श्रावण माह में भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। भारी बारिश के कारण कई जगहों पर खेतों में पानी भर गया। अब किसानों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। खासकर सौराष्ट्र में किसानों को जबरदस्त नुकसान हुआ है।

**मीटिंग के दौरान साफीद्दीन को इजरायल ने बनाया निशाना**

## अब नसरल्लाह का उत्तराधिकारी भी ढेर

एजेंसी ▶▶| यरुशलम

हिजबुल्लाह का शीर्ष नेता हाशेम साफीद्दीन इस महीने की शुरुआत में बेरूत पर हुए इजरायली हवाई हमले में मारा गया है। इजरायली सेना ने मंगलवार को हाशेम साफीद्दीन की मारे जाने की पुष्टि की। साफीद्दीन हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह का चचेरा भाई था। सितम्बर के आखिर में नसरल्लाह की हत्या के बाद साफीद्दीन को उसका उत्तराधिकारी माना जा रहा था। आईडीएफ के अनुसार, 4 अक्टूबर को हमले के दौरान साफीद्दीन मारा गया था।






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024






पुष्य नक्षत्र का स्वामी शनि और उप स्वामी बृहस्पति, इनकी भी बरसेगी कृपा

# अहोई अष्टमी पर स्वर्ण लाभ दिलाने वाला गुरु पुष्य, 752 साल बाद महालक्ष्मी सहित सर्वार्थ सिद्धि, अमृतसिद्धि, पारिजात, बुधादित्य और पर्वत योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दीपावली से पहले खरीदी के लिए निर्मित होने वाले पुष्य नक्षत्र में इस बार कई उत्तम योग के साथ अहोई अष्टमी का शुभ संयोग भी है। अहोई अष्टमी कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। इस साल अहोई अष्टमी 24 अक्टूबर अर्थात आज है। भारत के कई हिस्सों में अहोई अष्टमी व्रत संतान की लंबी आयु और तरक्की के लिए रखा जाता है। इस व्रत को माताएं अपनी संतानों के लिए करती हैं। अहोई अष्टमी पर गुरु पुष्य योग का अद्भुत संयोग बन रहा है। 24 अक्टूबर को गुरु-पुष्य योग सुबह 6:15 से शुरू होकर अगले दिन 25 अक्टूबर सुबह 7:40 तक रहेगा। माना जा रहा है कि पुष्य नक्षत्र पर राज्यभर में दो हजार से ज्यादा के कारोबार संभव है। कारोबारियों ने इसकी तैयारी कर रखी है। गुरु पुष्य योग को खरीदारी और नए कामों की शुरुआत के लिए बहुत शुभ मुहूर्त माना जाता है। सबसे विशेष बात यह है कि इस दिन महालक्ष्मी, ▶▶| शेष पेज 4 पर




### लक्ष्मी-नारायण की पूजा

जब भी गुरुवार के दिन पुष्य नक्षत्र होता है तो इसे गुरु पुष्य की संज्ञा दी जाती है। इस दिन सोना-चांदी और अचल संपत्ति खरीदने से बहुत लाभ मिलता है। माना जाता है कि, इस नक्षत्र में आप जो भी चीज खरीदते हैं वो बरकत देती है। उससे जीवन में सुख-समृद्धि आती है और पारिवारिक जीवन सुखमय बना रहता है। गुरु पुष्य योग में माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### बृहस्पति और शनि देव की बरसेगी कृपा

कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर गुरुवार होने से यह 'गुरु पुष्य' नक्षत्र कहलाएगा। धन की देवी महालक्ष्मी का आशीर्वाद मिलता है। गुरु पुष्य नक्षत्र को 27 नक्षत्रों के समूह में राजा कहा जाता है। ज्योतिष गणना में पुष्य नक्षत्र का स्वामी शनि और उप स्वामी बृहस्पति है। शनि को काल पुरुष की ऊर्जा और पुरुषार्थ की प्रेरणा का कारक माना जाता है, बृहस्पति को आध्यात्म, शिक्षा, ज्ञान और त्याग का कारक बताया गया है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सुरक्षा के लिए रात में तैनात होंगे रेल अफसर



**नयी दिल्ली।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने देश के सभी 17 रेलवे जोन के महाप्रबंधकों से ट्रेन परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते रात्रिकालीन निरीक्षण की व्यवस्था प्रारंभ करने का आग्रह किया है। कुमार ने महाप्रबंधकों को पत्र लिखा है।

### 30 लाख रुपए की ई-सिगरेट जब्त



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने यहां एक व्यक्ति की दुकान और आवासीय परिसर पर छापा मारकर 30 लाख रुपए मूल्य की 1,000 ई-सिगरेट जब्त की है। भारत में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध है। विशेष सूचना के आधार पर अपराध शाखा के कर्मियों ने सोमवार को दक्षिण मुंबई के आग्रीपाडा में व्यक्ति की दुकान पर छापा मारा था।

### बस-ट्रॉले की टक्कर में तीन की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले में बुधवार तड़के जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस और ट्रॉले की टक्कर में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में 40 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा कोटपूतली में कंवरपुरा स्टैंड पर बुधवार सुबह करीब पांच बजे हुआ जब जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस और ट्रॉले की टक्कर हो गई।

### पूर्व मंत्री वैथिलिंगम के परिसरों पर ईडी का छापा



**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से संबंधित एक मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को विधायक आर. वैथिलिंगम एवं कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की।वैथिलिंगम अन्नाद्रमुक सरकार के कार्यकाल में मंत्री रहे थे। चेन्नई और तंजावुर जिले के ओराथानाडु तालुका में स्थित वैथिलिंगम के आवास सहित चार शहरों में छापा मारा।

चक्रवात का 'बाहरी बैंड' पूर्वी तट से टकराया, ओडिशा के कई हिस्सों में बारिश शुरू

# 'दाना' की दहशत, 10 लाख को सुरक्षित स्थानों पर भेजा, 340 से अधिक ट्रेनें रद्द

*चक्रवाती तूफान 'दाना' का 'बाहरी बैंड' बुधवार दोपहर पूर्वी तट से टकराया, जिससे ओडिशा के केंद्रपाड़ा और भद्रक जिले के कुछ हिस्सों में बारिश और प्रतिकूल मौसम परिस्थितियां देखने को मिलीं। ओडिशा सरकार ने 14 जिलों के लगभग 10 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। इस बीच 288 राहत टीमें तैनात की गईं हैं, वहीं करीब 348 ट्रेनें रद्द कर दी गईं हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भुवनेश्वर

चक्रवात 'दाना' ओडिशा तट की ओर बढ़ रहा है, जिससे राज्य की लगभग आधी आबादी प्रभावित होने का खतरा है। आईएमडी ने बुधवार को कहा कि चक्रवात के शुक्रवार तड़के लगभग 70 किलोमीटर दूर भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच पहुंचने का अनुमान है। आईएमडी ने कहा कि चक्रवात के दस्तक देने की प्रक्रिया 24 अक्टूबर की रात से शुरू होगी और 25 अक्टूबर की सुबह तक जारी रहेगी। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि चक्रवात के दस्तक देने के दौरान अधिकतम गति लगभग 120 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि चक्रवात की दस्तक प्रक्रिया धीमी होती है, जिसमें आमतौर पर 5-6 घंटे लगते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह के बीच चक्रवात के दस्तक देते समय भारी बारिश, हवा और तूफानी लहरें चरम पर होंगी।

### क्या है 'बाहरी बैंड'

बादलों और गरज के साथ आने वाले तूफानों की बाहरी घुमावदार पट्टियों को 'बाहरी बैंड' कहते हैं। ये पट्टियां घुमावदार तरीके से तूफान के केंद्र से दूर होती जाती हैं जिससे प्रभावित क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होती है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पारादीप से प्राप्त रडार डेटा के मुताबिक, चक्रवात 'दाना' का 'बाहरी बैंड' केंद्रपाड़ा और भद्रक जिले में तट से टकरा चुका है।





### भारी बारिश का अनुमान

आईएमडी ने आगाह किया है कि चक्रवात 'दाना' के कारण राज्य में भारी वर्षा होगी। आईएमडी ने कहा कि 23 अक्टूबर की शाम से अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा, तथा बालासोर, भद्रक, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, पुरी और खोरधा के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है।

### तट पर लौटे मछुआरे

आईएमडी ने चक्रवात के गुजर जाने तक बंगाल की खाड़ी में मछली पकड़ने समेत सभी समुद्री गतिविधियों पर रोक लगा दी है। मंगलवार शाम तक सभी मछुआरे तट पर लौट चुके हैं। इस बीच, ओडिशा के केंद्रपाड़ा और भद्रक जिलों के कुछ हिस्सों में बुधवार दोपहर को बारिश और प्रतिकूल मौसम की स्थिति देखी गई।

### प्रभावित रहेंगी छग से गुजरने वाली दर्जनभर ट्रेनें

*रायपुर। आने वाले चक्रवाती तूफान का असर छत्तीसगढ़ से आवाजाही करने वाली ट्रेनों पर हुआ है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली दर्जनभर ट्रेनों का संचालन इस तूफान की वजह से स्थगित किया गया है। इसमें 23 अक्टूबर को ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस, सूरत-ब्रह्मपुर एक्सप्रेस, 24 अक्टूबर को पुरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस, एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस, दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस, ब्रह्मपुर-सूरत एक्सप्रेस, पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस, पुरी-अजमेर एक्सप्रेस, पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस, 25 अक्टूबर को* ▶▶| शेष पेज 4 पर

सड़क पर मवेशी, हाईकोर्ट ने कहा-

# बच्चों को पढ़ने दीजिए जब साइंटिस्ट बन जाएं तब आइडिया लीजिएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट में मवेशी मुक्त सड़क को लेकर स्वतः संज्ञान मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मवेशी मुक्त सड़क करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की बेंच में बुधवार को हुई। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने सड़क पर बैठे मवेशियों को लेकर और दुर्घटना सहित सटीक रोड मैप नहीं बनाए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कोर्ट ने कहा कि सभी हार गए तो अब बच्चों से आइडिया मांगा जा रहा है। बच्चों को पढ़ने-लिखने दीजिए जब साइंटिस्ट बन जाएं तब आइडिया लीजिएगा।



सड़क पर मवेशियों के मामले में प्रशासन और सरकार को हाईकोर्ट फटकार

ज्ञात हो कि सड़कों को मवेशी युक्त कैसे बनाएं प्रयास के तहत जिले में बच्चों से आइडिया लिए जा रहे हैं। कलेक्टर अवनीश शरण ने मवेशी ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए


सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि आखिर मवेशियों को सड़कों से दूर रखने में क्या परेशानी आ रही है। प्रशासन की ओर से सहयोग नहीं मिल रहा है क्या। लगातार दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। मवेशियो के साथ ही लोगों की भी जान जा रही है लेकिन व्यवस्था नहीं बन पा ▶▶| शेष पेज 4 पर

आर्यवीर आज करेंगे कैडी टूर्नामेंट का उद्घाटन

# छत्तीसगढ़ में पहली बार गोल्फ चैंपियनशिप आज से 22 राज्यों की टीमें पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेशनल गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नवा रायपुर में 24 से 26 अक्टूबर के बीच नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश के 20 राज्यों की टीमें हिस्सा लेने यहां पहुंच चुकी हैं। आयोजन में छत्तीसगढ़ सरकार की भी सहभागिता है। पिछले दिनों चैंपियनशिप की प्री लांचिंग राज्य के मुख्य सचिव अभिताभ जैन के हाथों हो चुकी है। गुरुवार को फाउंडर एवं जनरल सेक्रेटरी गोल्फ फेडरेशन आफ इंडिया आर्यवीर आर्या कैडी टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। 26 तारीख को समापन के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ▶▶| शेष पेज 4 पर



**ओपी चौधरी 25 को नेशनल चैंपियनशिप का करेंगे शुभारंभ, 26 को समापन पर रहेंगे सीएम साय**

### हर टीम में छह खिलाड़ी

प्रतियोगिता में शामिल होने वाली टीमों में हर टीम में 6 प्लेयर होंगे। स्कोरिंग मैथड बेस्ट ऑफ टॉप फाइव प्लेयर्स, स्कोरिंग सिस्टम स्टेबलफोर्ड स्कोरिंग सिस्टम होगा। आयोजन के पहले दिन 24 को कैडी टुर्नामेंट, 25 को प्लांटेशन ड्राइव होगा। 26 को सुबह 6 बजे सभी टीमों के खिलाड़ी जुटेंगे। इसके बाद से लेकर शाम पांच तक अन्य कार्यक्रम शाम 4 से 6 के बीच होंगे। 27 अक्टूबर को क्लोजिंग सेरेमनी होगी। बताया गया है कि छत्तीसगढ़ की टीम में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, आईएफएस अनिल राय, पूर्व आईएफएस एसएस बजाज, राजेश अग्रवाल गोल्फ खेलते नजर आयेंगे।

### गांवों के उत्पाद भी होंगे प्रदर्शित- आर्यवीर

संस्थापक एवं महासचिव, गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया आर्यवीर आर्या ने इस आयोजन के संबंध में कहा- गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) खेल, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और विजन भारत 2047 के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। जीएफआई राष्ट्रीय चैम्पियनशिप, 2024, रायपुर, छत्तीसगढ़ के मंच,स्थल का उपयोग स्थानीय गांव और एमएसएमई द्वारा अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए स्वतंत्र रूप से किया जा सकता है, ▶▶| शेष पेज 4 पर

# सीएम की घोषणा, छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी के कर्मचारियों को मिलेगा 12000 रुपए बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी के कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा दिया है। उन्होंने कर्मचारियों को अधिकतम 12000 रुपये का बोनस देने की घोषणा की है। उन्होंने आज छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया में छत्तीसगढ़ की तीनों पॉवर कंपनियों में चयनित 375 कनिष्ठ यंत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सूर्या घर मुक्त बिजली योजना की प्रचार सामग्री का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने रूफ टॉप सोलर एक्सप्लोरर ऐप लॉन्च किया। साथ ही हितग्राहियों के घर पर लगने वाली नाम पट्टिकाओं का वितरण भी किया। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 4 पर



# 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया तहसील का बाबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

एंटीकरप्शन ब्यूरो जगदलपुर ने आमाबेड़ा तहसील कार्यालय में दबिश देकर तहसील के बाबू को 25 हजार रुपए रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम ने बाबू के दलाल को भी दबोचा। प्रार्थी अमर सिंह उपेंडी पिता सुकदेव उपेंडी ग्राम अर्रा ने एसीबी जगदलपुर में शिकायत दर्ज कराते कहा था कि ▶▶| शेष पेज 4 पर



बाबू पुरुषोत्तम सिंह गौतम | दलाल रेखचंद यादव

### दलाल ने प्रार्थी को भीतर भेजा

प्रार्थी ने दलाल को 10 हजार देते कहा कि उन्हें उस पर विश्वास नहीं है इसलिए बाकी पैसे सीधे बाबू के हाथ में ही देंगे। इसके बाद दलाल ने उन्हें अंदर भेजा, जहां बाबू को 15 हजार रुपए दिए। जैसे ही पैसे बाबू ने लिए तहसील के बाहर तैनात ▶▶| शेष पेज 4 पर

वैवाहिक बलात्कार के मामले में याचिका पर टाली सुनवाई

# सीजेआई ने कहा-पूरी नहीं कर पाएंगे सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने वैवाहिक बलात्कार के मामलों में पतियों को दी गई छूट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई बुधवार को चार सप्ताह के लिए टाल दी। प्रधान न्यायाधीश 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। शुरुआत में, प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकीलों से पूछा कि अलग-अलग दलील पेश करने के लिए उन्हें कितना समय चाहिए। पीठ ने याचिकाओं पर 17 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई शुरू की थी।

एक पक्ष की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण ने ▶▶| शेष पेज 4 पर



### 10 नवंबर को हो रहे सेवानिवृत्त

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यदि इस हफ्ते दलीलें पूरी नहीं हो पाती हैं तो उनके लिए निर्णय सुना पाना मुश्किल हो जाएगा क्योंकि वह 10 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, समय के अनुमान को देखते हुए, हमारा मानना है कि निकट भविष्य में सुनवाई पूरी करना संभव नहीं होगा।

### सीजेआई ने मांगा था विचार

सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं से केंद्र की इस दलील पर विचार मांगा कि ऐसे कृत्यों को दंडनीय बनाने से वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा। विवाह नाम की संस्था प्रभावित होगी। भारतीय दंड संहिता की धारा 375 के अपवाद खंड को अब निरस्त कर दिया गया है और बीएनएस द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। इस अपवाद खंड के तहत, पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध बनाना, यदि पत्नी नाबालिग न हो, बलात्कार नहीं है। नए कानून के तहत भी, धारा 63 (बलात्कार) के अपवाद खंड 2 में कहा गया है कि 'पति द्वारा पत्नी के साथ यौन संबंध बनाना, यदि पत्नी 18 वर्ष से कम आयु की न हो, बलात्कार नहीं है।

### चार हफ्ते बाद नई पीठ करेगी सुनवाई

न्यायालय ने कहा कि याचिकाओं को चार सप्ताह बाद किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। शंकरनारायण ने कहा, हमें बहुत अफसोस है। हम इसे जारी रखना चाहते हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि केंद्र का यह कहना है कि विवाह सहमति की अवधारणा को समाप्त नहीं करता, लेकिन साथ ही वैवाहिक बलात्कार को अपराध की श्रेणी में डालने के लिए मामले का विभिन्न दृष्टिकोणों से आकलन करना होगा।

## चिंतन

# भारत-चीन नियंत्रण रेखा पर तनाव कम होने की उम्मीद

आजकल दुनिया भर में भारत-चीन के रिश्तों को लेकर चर्चाएं हैं। बीते दिनों विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा चीन के साथ सैन्य समाधान पर बयान देने के बाद से ही विश्व बिरादरी में इसे लेकर कई तरह-तरह की चर्चाएं थी। अब ब्रिक्स सम्मेलन में 5 साल बाद भारत-चीन की द्विपक्षीय बातचीत ने इन चर्चाओं को बल दे दिया है। इन चर्चाओं ने जोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से भी पकड़ा। पीएम ने कहा कि हम युद्ध नहीं, डायलॉग और डिप्लोमेसी का समर्थन करते हैं और जिस तरह हमने मिलकर कोविड जैसी चुनौती को परास्त किया, उसी तरह हम भावी पीढ़ी के सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध भविष्य के लिए नए अवसर पैदा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। इसी संबोधन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान शहर में बातचीत शुरू हो गई है। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बाइलेटरल मीटिंग हो रही है। 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव कम करने पर सहमति बनी है। असल में रूस समेत दुनिया के अनेक देश चाहते हैं कि भारत और चीन मिलकर चलें। दोनों देशों का ब्रिक्स में बड़ा योगदान है। सम्मेलन में रूस, चीन, ब्राजील, साउथ अफ्रीका समेत 28 देशों के राष्ट्र प्रमुख पहुंचे हैं। इस साल समिट की अध्यक्षता रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन कर रहे हैं। वैसे भी यूरोपियन यूनियन को पछाड़कर ब्रिक्स दुनिया का तीसरा सबसे ताकतवर आर्थिक संगठन बन चुका है। ग्लोबल जीडीपी में यूरोपियन यूनियन के देशों की कुल हिस्सेदारी 14 प्रतिशत है, वहीं ब्रिक्स देशों का हिस्सा 27 फीसदी है। ब्रिक्स का अपना अलग बैंक भी है, जिसे न्यू डेवलपमेंट बैंक के नाम से जाना जाता है। इसका हेडक्वार्टर चीन के शंघाई में है। यह सदस्य देशों को सरकारी या प्राइवेट प्रोजेक्ट्स के लिए लोन उपलब्ध करवाता है। 'राइजिंग इकोनॉमी' के कॉन्सेप्ट पर बने इस ग्रुप में पिछले साल तक 5 देश ब्राजील, रूस, चीन, भारत और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे। इस साल यूएई, ईरान, इजिप्ट और इथोपिया औपचारिक सदस्य बन जाएंगे। पिछले साल 34 और इस साल 40 देशों ने संगठन से जुड़ने की इच्छा जताई है। इसी सम्मेलन में अपने भाषण के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि दुनिया उथल-पुथल भरे बदलाव से गुजर रही है। हमें शांतिपूर्ण ब्रिक्स बनाने की जरूरत है। गाजा और लेबनान में हमें सीजफायर पर जोर देना होगा। हमें आपस में आर्थिक सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही ग्लोबल साउथ का देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाना होगा। चीन, ब्रिक्स देशों के साथ ग्रीन इंडस्ट्री, क्लीन एनर्जी और ग्रीन मिनरल के लिए सहयोग बढ़ाना चाहता है। साफ है कि चीन भी भारत से संबंध बेहतर करना चाहता है, लेकिन चीन की विस्तारवादी नीतियां इसके आड़े आ रही हैं। अगर वो दोस्ती का हाथ भी बढ़ाता है तो भारत को हमेशा चौकना रहना होगा। चीन कर्ज देने और गुलाम बनाने की नीति पर चलता है। पाकिस्तान, श्रीलंका और मालदीव चीन के बड़े कर्जदार हैं। चीन रूस के साथ इसलिए है कि वह गलत ऐतिहासिक तथ्यों व अपने सैन्य शक्ति के बल पर ताइवान पर कब्जा करना चाहता है। लिथुआनिया में ताइवान का दूतावास खोलने की अनुमति मिलने से चीन परेशान है। विश्व के देशों की मुखरता से भी चीन परेशान है। इसीलिए वो भारत से दोस्ती करने के प्रयासों में लगा है। भारत को भी दोस्ती का हाथ बढ़ाना चाहिए, लेकिन सतर्क भी रहना होगा क्योंकि हम पहले भी धोखा खा चुके हैं।



दो टूक
विकेश कुमार बडोला

# कनाडा की धृष्टता का हो दृढ़ प्रतिकार

> खालिस्तान की मांग करने वाले हरदीप सिंह निज्जर और अन्य की हत्या के लिए भारत पर बिन साक्ष्य के दोषारोपण करने के बाद कनाडाई शासक ट्रुडो इतने अदूरदर्शी, अपरिपक्व और जी-7 समूह के शक्तिशाली देशों के उकसाने से स्वार्थी हो चुके हैं कि खालिस्तानियों की अवैध धारणाओं व गतिविधियों को संरक्षण देकर भारत विरोधी प्रचार-प्रसार में बुरी तरह संलिप्त हैं। जो अमेरिका अपने स्वार्थ के लिए भारत की प्रशंसा और समर्थन में विरोधी देशों का विरोध भी झेल लेता है, वह भारत एवं भारतीय महाद्वीप में अपने अनुचित कल्पनागत हितों में बाधक समुचित व सार्वभौमिक कल्याण के लिए भारतीय नीतियों का अप्रत्यक्ष प्रतिकार करने में कनाडा को माध्यम बना रहा है।

कनाडा अस्थिर है। इस देश का शासन हानिकारक अस्थिरताओं से घिर गया है। प्रमुख शासक जस्टिन ट्रूडो का अविवेकपूर्ण आचरण भारत के लिए असहनीय बन चुका है। जस्टिन इतने वर्षों की राजनीतिक गतिविधियों के बाद भी मूर्खतापूर्ण वक्तव्य दे रहे हैं और अनुचित निर्णय ले रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर को भी कनाडा शासन के अशिष्ट आचरण पर वक्तव्य देना पड़ा है कि वह अवैध युक्तियों द्वारा भारतीय सेना की जानकारी एकत्र करते हैं। जयशंकर के अनुसार, कनाडा अपने राजदूतों के माध्यम से भारतीय सेना व पुलिस के संबंध में सूचनायें एवं जानकारियां एकत्र करता है, किंतु कनाडा स्थित भारतीय राजदूत भारत के हित एवं सुरक्षा हेतु बाधक समस्याओं के उपाय ढूंढने का प्रयास करते हैं तो कनाडा को समस्या होने लगती है। खालिस्तान की मांग करने वाले हरदीप सिंह निज्जर और अन्य की हत्या के लिए कनाडा स्थित भारतीय राजदूतों पर बिन साक्ष्य के दोषारोपण करने के बाद कनाडाई शासक ट्रुडो भारतीयों की दृष्टि में गिर चुके हैं।

वे इतने अदूरदर्शी, अपरिपक्व और जी-7 समूह के शक्तिशाली देशों के उकसाने से भारत के विरोध में इतने स्वार्थी हो चुके हैं कि खालिस्तानियों की अवैध धारणाओं व गतिविधियों को संरक्षण देकर भारत विरोधी प्रचार-प्रसार में बुरी तरह संलिप्त हैं। जो अमेरिका अपने स्वार्थ के लिए भारत की प्रशंसा और समर्थन में विरोधी देशों का विरोध भी झेल लेता है, वह भारत एवं भारतीय महाद्वीप में अपने अनुचित कल्पनागत हितों में बाधक समुचित व सार्वभौमिक कल्याण के लिए भारतीय नीतियों का अप्रत्यक्ष प्रतिकार करने में कनाडा को माध्यम बना रहा है। यह बात संभवतः कनाडा के प्रधान मंत्री को ज्ञात नहीं है अथवा वे कनाडा में संभावित चुनाव में अपनी राजनीतिक स्थिति को राष्ट्रहितैषी दिखाने के प्रयास में अमेरिकी षड्यंत्र को अपने लिए अस्त्र मानकर उसका भारत के विरुद्ध व्यापक रूप में उपयोग कर रहे हैं। एक स्थिति यह है भारत के विरोध को प्रतिदिन व्यापक करते हुए तीव्र करते जाने की।

खालिस्तानियों का संरक्षण करके भारत के विरोध में अनेक निर्णय लेने का जस्टिन का उद्देश्य आगामी कनाडाई चुनाव में केवल खालिस्तान समर्थक अप्रवासियों का वोट बैंक साधना ही नहीं है, अपितु कनाडा में अवैध धन-संसाधनों के प्रसारण और माफियागत कार्यों को खालिस्तानी आतंकवादियों के माध्यम से सुरक्षा प्रदान करना भी है। अनेक अन्य स्थितियां भी हैं, जिनमें कनाडा व जस्टिन ट्रुडो को शक्तिशाली राष्ट्रों के पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बनाकर भारत के विरुद्ध नचवाया जा रहा है। उपरोक्त सभी परिस्थितियों में भारत और कनाडा के संबंध सबसे निम्न स्तर पर पहुंच चुके हैं। दोनों राष्ट्रों के संबंध हानिकारक सीमा तक विद्रूप व विकृत हो चुके हैं। कनाडा के ऐसे दुराचरण पर भारत ने कनाडा के राजदूतों को तुरंत अपना सामान बांधकर भारत छोड़ने और कनाडा स्थित अपने दूतों को वापस बुलाने का आधिकारिक आदेश क्या जारी किया कि कनाडा को लगा कि कहीं उसकी स्थिति इस प्रकरण में अपमान्य न हो जाए, तो उसने भी



भारत की दोतरफा कार्रवाई के बाद भारतीय राजदूतों को कनाडा से निष्कारित करने का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया। कनाडा, भारत को नीचा दिखाने के हर संभव प्रयास कर रहा है। आये दिन वह अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और मंचों के सहयोग से भारत विरोधी षड्यंत्र कर रहा है। अमेरिका में डेमोक्रेटिक शासन दुनिया के मानचित्र पर हमेशा से ही कष्टकंटक बोने के लिए कुख्यात रहा है। अमेरिका के डेमोक्रेटिक सांसदों और उनके संबंधियों के अस्त्र-शस्त्र के अनेक कल-कारखाने हैं। ये कारखाने केवल अमेरिका में ही नहीं हैं। जी-7 समूह के सभी देशों में ये कारखाने किसी न किसी ऐसे स्वामित्वधारक और प्रवर्तक के हैं, जो प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसदों के संबंधी हैं। हालांकि अस्त्र-शस्त्रों के कारखाने तो रिपब्लिकन सांसदों के भी हैं, किंतु उनकी अस्त्र-शस्त्र विक्रय नीतियों में अवैध गतिविधियों के लिए अवैध माध्यम से अस्त्रों-शस्त्रों के विक्रय का कार्यव्यवहार या तो शून्य है अथवा अत्यंत सीमित है।

अवैध अस्त्र-शस्त्र ही नहीं, ऐसे कारोबारी तो प्रकृति को नष्ट करने वाली अनेक ऐसी वस्तुओं, उत्पादों व सेवाओं का कारोबार भी करते रहे हैं, जिन्हें कई देशों के विरोध के बाद भी वहां खपाने व बेचने के खटकर्म किए जाते रहे हैं। चूंकि भारत में गत बारह-चौदह वर्षों से ऐसी वस्तुओं, उत्पादों व सेवाओं के आयात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध है और अस्त्र-शस्त्रों के विनिर्माण में भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है, तो अमेरिका सहित जी-7 राष्ट्रों के स्थापित कारोबारियों के लिए यह स्थिति हानिकारक है। हंगरी-अमेरिकी मुद्रा सटोरिया जॉर्ज सोरोस भी भारत में मुद्रा सट्टा के अपने हित नहीं साध पा रहा है। सोरोस के समान ही अन्य व्यवसायी हैं, जो भारत के स्थिर व प्रगतिशील शासन को अस्थिर करके यहां अपने अनुचित व्यावसायिक हित साधना चाहते हैं। गत दो दशकों से वे खुलकर ऐसा नहीं कर पा रहे हैं और कर भी रहे हैं, तो हानिग्रस्त होते रहे हैं। इसीलिए भारत में राज्यों के विधानसभा चुनावों या लोकसभा चुनाव से पहले आंदोलन के रूप में षड्यंत्र किया जाता है। ऐसे व्यवसायी भारत के भ्रष्ट, चरित्रहीन, देशविरोधी, लालची और स्वार्थी विपक्षी नेताओं, बुद्धिजीवियों, मीडियाकर्मियों तथा संस्थागत पदों पर आरूढ़ पदाधिकारियों के साथ मिलकर स्थिर केंद्रीय शासन को डिगाने-डगमगाने के कुत्सित प्रयास करते रहे हैं। दिल्ली में विगत दिनों, माहों एवं वर्षों में केंद्रीय शासन व शासनजन्य नीतियों के विरोध में जितने व जो भी आंदोलन हुए हैं, अधिक या सभी षड्यंत्र की उपज ही थे। पंजाब व दिल्ली में हुए ऐसे आंदोलनों में कनाडा के माध्यम से जॉर्ज सोरोस जैसे कारोबारियों के हथियार बने थे खालिस्तानी आतंकी। भेष इन्होंने किसानों का बनाया था, किंतु थे ये खालिस्तानी। इन्होंने लाल किले में उपद्रव किया। दिल्ली स्थित विभिन्न राजमार्गों, एक्सप्रेस हाईवे में जाम किया। सिंधु बार्डर पर कई दिनों तक धरना दिया। खालिस्तानियों के माध्यम से भारतीय शासन को अस्थिर करने में असफल रहने वाले सोरोस जैसे व्यक्तियों ने अंततः अमेरिकी नीतियों व संसाधनों की मदद से बांग्लादेश में उथल-पुथल करके भारत को चोट पहुंचाने का प्रयास किया, किंतु यह उपाय भी विफल ही सिद्ध हुआ। अभी कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय पूंजीपतियों, देशों व अन्य माफियाओं के उकसावे में भारत के विरुद्ध विषवमन करने में व्यस्त है। ऐसे में भारत को चाहिए कि वह कनाडा के माध्यम से अपने विरुद्ध होने वाले प्रत्येक षड्यंत्र की तह तक पहुंचे और भारतीय गौरव, संप्रभुता, अखंडता एवं सम्मान के रक्षार्थ कनाडा पर हरसंभव बंध-प्रतिबंध लगाना जारी रखे और साथ ही गुप्त षड्यंत्रकारियों को भी परास्त करने के अभियान संचालित करे।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

साइबर अपराध
सतीश सिंह



# 'डिजिटल हाउस अरेस्ट' से दहशत में आमजन

डिजिटल हाउस अरेस्ट साइबर अपराध का नया स्वरूप है, जिससे आमजन दहशतजदा हैं, क्योंकि आये दिन कोई न कोई साइबर ठगों का शिकार बन रहा है और 'डिजिटल हाउस अरेस्ट' की खबरें अखबारों की सुर्खियां बन रही हैं। ऐसी ठगी में पढ़े-लिखे लोग ज्यादा शिकार बन रहे हैं और इनमें बुजुर्गों की संख्या अधिक है। विगत वर्षों में साइबर अपराधों में काफी विविधता आई है। 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' की तर्ज पर अपराधी अब नये-नये तरीकों से साइबर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। इस क्रम में नई मोडस ऑपरेंडी है 'डिजिटल हाउस अरेस्ट'। इस तकनीक की मदद से ऑनलाइन फ्रॉड में काफी तेजी आई है। उदाहरण के तौर पर, अक्टूबर 2024 के पहले सप्ताह में मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में एक 65 साल की बुजुर्ग महिला को 5 दिनों तक डिजिटली घर में कैद करके फर्जी पूछताछ की गई और 46 लाख रुपये ठगे गए। इसी तर्ज पर अगस्त महीने में लखनऊ की एक महिला न्यूरो डॉक्टर को 6 दिनों तक डिजिटली गिरफ्तार करके ठगों ने 2.8 करोड़ रुपये ठग लिए। दोनों मामले में ठग खुद को सीबीआई अधिकारी बता रहे थे और बुजुर्ग महिला एवं महिला डॉक्टर को हवाला कारोबार में उनकी संलिप्तता बताकर इन दोनों ठगी को अंजाम दिया। इस तरह की ठगी में ठग पुलिस, सीबीआई, ईडी, इंटेलिजेंस ब्यूरो, रॉ,नॉरकोटिक्स आदि का अधिकारी बनकर ऑडियो या वीडियो कॉल करके टार्गेट को इतना डराते हैं कि वह अपनी जिंदगी भर की जमापूंजी ठग के खाते में ट्रांसफर कर देता है। 'डिजिटल हाउस अरेस्ट' को मूर्त रूप देने के लिए ठग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। एआई के जरिये वे टार्गेट के सगे-संबंधियों की आवाज की नकल करके या फिर उसकी हूबहू वीडियो बनाकर टार्गेट को यह विश्वास दिलाने में कामयाब हो जाते हैं कि वे गंभीर संकट में हैं। चूंकि साइबर अपराधों को रोकने के लिए अभी भी पुख्ता कानून और प्रशिक्षित मानव संसाधन का अभाव है, इसलिए ऐसी ठगी को रोकना भारत में हाल-फिलहाल में असंभव लग रहा है। देश में प्रशिक्षित साइबर पुलिस की भारी कमी है, जिसका फ़ायदा साइबर ठगों को मिल रहा है। विश्व साइबर अपराध सूचकांक में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है। आजकल किशोर बच्चियों को ऑनलाइन चैटिंग एप के जरिये ब्रेनवॉश करके या उनकी अश्लील तस्वीरों को पॉर्न मार्केट में बेचकर और उनके पैरेंट्स को ब्लैकमेल करके ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। ऑनलाइन गेमिंग,कूरियर, रिश्तेदार, दोस्त की गिरफ्तारी आदि की धमकी, अश्लील वीडियो आदि नए-नए तरीकों की मदद से ठगी करने के वारदातों में तेजी आई है। स्नैप चैट, फेसबुक और इंस्टाग्राम भी अब ठगी के साधन बन गए हैं। मित्र या रिश्तेदार की फर्जी प्रोफ़ाइल बनाकर ऐसी ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। ब्राउजर एक्सटेंशन के डाउनलोडिंग के जरिये भी साइबर अपराध किए जा रहे हैं। यह काम वायरस के जरिये किया जाता है। क्रोम, मोजिला आदि ब्राउजर के जरिए किए गए ऑनलाइन लेनदेन ब्राउजर के सर्वर में सेव हो जाते हैं, जिन्हें सेटिंग में जाकर डिलीट करने की जरूरत होती है, लेकिन अज्ञानतावश लोग ऐसा नहीं करते हैं, जिसका फायदा साइबर ठग उठाते हैं। हैकर्स एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिये भी ऑफर वाले मैसेज भेजते हैं, जिसमें मैलवेयर युक्त हाइपर लिंक दिया हुआ होता है। मोबाइल एप से लोन लेना सूदखोर या महाजन या साहूकार से भी ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि ऐसे ठगों की व्यापकता देश-काल से परे है, क्योंकि अधिकांश मोबाइल चाइना मेड हैं और उनका सर्वर भारत से बाहर होता है। ब्राउजिंग सेशन के दौरान संदेहास्पद पॉप अप से सतर्क रहें। वेबसाइट्स या मोबाइल या पब्लिक लैपटॉप या डेस्कटॉप पर कार्ड की जानकारी साझा नहीं करें। अंजान नंबर या ईमेल आईडी से आये अटैचमेंट को तुरंत डिलीट कर दें और ऑनलाइन लॉटरी, कैसिनो, गेमिंग, शॉपिंग या फ्री डाउनलोड वाले मैसेज की उपेक्षा करें तो फिशिंग मेल या एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिये फॉरवर्ड होने वाले संदेहास्पद हाइपर लिंक के जाल से बचा जा सकता है।कभी मनोवैज्ञानिक दबाव में नहीं आयें। धमकी मिलने पर पुलिस की मदद लेने से नहीं हिचकें। हमेशा जागरूक रहें। फोन, कंप्यूटर, टैबलेट के सॉफ्टवेयर को समयानुसार अपडेट करें,मजबूत पासवर्ड, अंजान लिंक को ओपेन करने से बचें, निजी जानकारी को सुरक्षित रखें, सार्वजनिक वाई-फ़ाई के इस्तेमाल में सावधानी बरतें, एंटीवायरस का इस्तेमाल करें और नियमित रूप से उसे अपडेट करें आदि। सबसे महत्वपूर्ण है लालच से परहेज करें। मामले में सावधानी ही बचाव है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है



संकलित
दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।


## महिला के शुभ कदम



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाए है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आई और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान हो जाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विश्वास के लायक नहीं है चीन

खबरों के मुताबिक भारत और चीन के बीच हाल ही में एक समझौता हुआ है कि दोनों देश वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने-अपने सैनिकों को पीछे करेंगे और यहां पेट्रोलिंग करेंगे। चीन इस पर कितना कायम रहेगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन चीन हर समझौते, जो इससे पहले हुए हैं, उन पर अमल करता तो वो रह रहकर नियंत्रण रेखा पर अपने नापाक इरादों को अंजाम नहीं देता। दूसरी चीज भारत को चीन के इस समझौते पर चीन के प्रति इतना नरम भी नहीं हो जाना चाहिए कि उसके लिए देश में व्यापार को और सुलभ बना दिया जाए। चीन का वो हाल है कि गंगा गए तो गंगाराम यमुना गए तो यमुना दास। यह मेरे मुंह पर मेरा और तेरे मुंह पर तेरा है। वह अकसर अपने वादों से मुकरता रहा है। उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। इसलिए सचेत रहने की जरूरत है। – *शैलेश सिंह ठाकुर, रायगढ़*

## ट्रेंड

### पुतिन के साथ अच्छी मुलाकात



रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी मुलाकात हुई। भारत और रूस के बीच संबंध बहुत गहरे हैं। हमारी बातचीत इस बात पर केंद्रित थी कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को और अधिक मजबूती कैसे दी जाए।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सरदार पटेल की भूमिका अमिट



कश्मीर से लक्षद्वीप तक भारत को एकजुट करने में सरदार पटेल जी की महत्वपूर्ण भूमिका अमिट है। उनके स्मारकीय योगदान का सम्मान करने के लिए उनकी 150वीं जयंती 2024 से 2026 तक दो साल के राष्ट्रव्यापी उत्सव के साथ मनाएंगे।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### नीति निर्माण में स्थिरता



स्थिरता नीति निर्माण का एक अभिन्न अंग बन गई है। हरित तकनीक, निरंतर विनिर्माण, अपशिष्ट और ऊर्जा में कटौती टिकाऊ बायोमैन्युफैक्चरिंग को चलाने की कुंजी है।
-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### 'हमारे राम' का संगीत रिलीज



टी सीरीज का रंगमंच से जुड़ना रंगकर्मियों के आनंद और उत्साह में वृद्धि का कारक है। टी सीरीज जैसे सक्षम, लोकप्रिय संस्थान द्वारा रंगमंच पर प्रस्तुत किए जाने वाले महानाट्य 'हमारे राम' का संगीत रिलीज करने पर हार्दिक धन्यवाद।
-आशुतोष राणा, अभिनेता

## करंट अफेयर

### रियाद का 'बुलेवार्ड वर्ल्ड' बना विश्व का प्रमुख मनोरंजन क्षेत्र



सऊदी अरब की राजधानी रियाद के बीचों बीच स्थित प्रमुख मनोरंजन क्षेत्र 'बुलेवार्ड वर्ल्ड' विभिन्न सभ्यताओं से रूबरू कराता है, जहां आगंतुक इन स्मारकों की प्रतिकृतियों को देखकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। इसमें भारत समेत दुनिया भर के 20 से अधिक विभिन्न स्थल, लगभग 300 रेस्तरां और कैफे तथा लगभग 900 दुकानें हैं। इस साल 72 लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में 'रियाद सीजन' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चौदह मनोरंजन स्थल बनाए गए हैं। इन क्षेत्रों में एक पारंपरिक बाजार है जिसमें स्थानीय संस्कृति से लेकर शिल्प तक का प्रदर्शन किया जाता है और यहां प्रत्येक देश की झलक मिलती है। गोंडोला सवारी के अलावा, आप वाटर टैक्सी, एम्फीकार और फ्लोटिंग डोनट्स, केबल कार या फिर पैदल चलकर भी इस स्थल का भ्रमण कर सकते हैं। यहां हर दिन विभिन्न देशों के नाट्य प्रस्तुतियां भी होती हैं। ये गतिविधियां सऊदी अरब के लोकप्रिय शीतकालीन महोत्सव 'रियाद सीजन' का हिस्सा हैं, जो 12 अक्टूबर से शुरू हुआ है और मार्च तक जारी रहने की उम्मीद है। इस महोत्सव की शुरुआत जनरल एंटरटेनमेंट अथॉरिटी (जीईए) के निदेशक मंडल के अध्यक्ष तुर्की बिन अब्दुलमोहसेन अल-शेख ने की।

## ऑफ बीट

### पृथ्वी की कक्षा में 4300 टन अंतरिक्ष कचरा



एक बड़ा संचार उपग्रह अपनी कक्षा में टूट गया है, जिससे यूरोप, मध्य अफ्रीका, मध्य पूर्व, एशिया और ऑस्ट्रेलिया के उपयोगकर्ता प्रभावित हुए हैं, वहीं हमारे ग्रह के पड़ोस में अंतरिक्ष कचरे के खतरे में भी इजाफा हुआ है। इंटेलसैट 33ई उपग्रह भूमध्य रेखा के चारों ओर भूस्थिर कक्षा में हिंद महासागर से लगभग 35,000 किलामीटर ऊपर एक बिंदु से ब्रॉडबैंड संचार प्रदान करता था। बीस अक्टूबर को प्रारंभिक खबरों में कहा गया था कि इंटेलसैट 33ई की अचानक बिजली गुल हो गई है। कुछ घंटे बाद, यूएस स्पेस फोर्सेस-स्पेस ने पुष्टि की कि उपग्रह कम से कम 20 टुकड़ों में टूट गया है। तो क्या हुआ? और क्या यह आने वाली घटनाओं का संकेत है क्योंकि अधिक से अधिक उपग्रह कक्षा में प्रवेश कर रहे हैं? एक अंतरिक्ष रहस्य इंटेलसैट 33ई के टूटने के कारणों के बारे में कोई पुष्ट खबर नहीं है। हालांकि, यह अपनी तरह की पहली घटना नहीं है। अतीत में हमने उपग्रहों को नष्ट होते, आकस्मिक टकराव और बढ़ी हुई सौर गतिविधि के कारण उपग्रहों को नष्ट होते देखा है। हम यह जानते हैं कि इंटेलसैट 33ई में दिक्कतें उत्पन्न होने का इतिहास रहा है। बोइंग द्वारा डिजाइन और निर्मित, उपग्रह को अगस्त 2016 में प्रक्षेपित किया गया था।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर
गुरुवार 24 अक्टूबर 2024
कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 23, अंक : 99
पृष्ठ : 16+8 = 24 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.2
न्यून. 22.3

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



श्री रावतपुरा सरकार
इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी
फार्मेसी काउंसलिंग प्रारंभ
बी.फार्मा
डी.फार्मा, एम.फार्मा
काउंसलिंग की तिथि
07-10-24 से 11-10-24 तक
7222910430/41







### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बीच चीन के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता

# पांच साल बाद जिनपिंग से मिले मोदी की दो टूक, सीमा पर शांति हमारी प्राथमिकता

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। बैठक में पीएम मोदी ने दो टूक शब्दों में कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बता दें कि मई 2020 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद उत्पन्न होने के बाद दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर यह पहली बैठक है।*

एजेंसी ▸▸ कजान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और भारत-चीन संबंधों को क्षेत्रीय व वैश्विक शांति तथा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद उत्पन्न होने के बाद दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर यह पहली संरचित बैठक थी। बैठक की तस्वीरें 'एक्स' पर साझा करते हुए मोदी ने कहा, कजान ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। भारत-चीन संबंध हमारे देशों के लोगों के लिए और क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। आपसी विश्वास, आपसी ▸▸ शेष पेज 4 पर

- पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद शीर्ष स्तर पर पहली बातचीत



**खास बातें**
- दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने 50 मिनट पर की बातचीत
- सीमा विवाद सुलझाने दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि करेंगे बातचीत

### पीएम ने एक्स पर साझा की तस्वीरें

*बैठक की तस्वीरें 'एक्स' पर साझा करते हुए पीएम मोदी ने लिखा, कजान ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। भारत-चीन संबंध हमारे देशों के लोगों के लिए और क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे।*

### मोदी-जिनपिंग ने पेट्रोलिंग समझौते का किया स्वागत

*मोदी-जिनपिंग की बातचीत के बाद भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि दोनों नेताओं की 5 साल बाद बातचीत हुई है। दोनों देशों के नेताओं ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग समझौते का स्वागत किया है। विदेश सचिव ने कहा कि दोनों देशों के बीच मुद्दों को सुलझाने के लिए स्पेशल रिप्रिजेंटेटिव नियुक्त किए गए है। भारत की तरफ से एनएसए अजीत डोभाल और चीन की तरफ से विदेशमंत्री वांग यी होंगे।*

## पीएम ने दुनिया को दिया संदेश युद्ध का समर्थन नहीं करता भारत

**कजान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन विवाद का समाधान शांतिपूर्ण वार्ता के माध्यम से करने का स्पष्ट रूप से आह्वान करते हुए बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत युद्ध का नहीं बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करता है। अपने संबोधन में मोदी ने युद्ध, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर चिंता जताई और कहा कि ब्रिक्स विश्व को सही रास्ते पर ले जाने में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा, हम युद्ध का नहीं, बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करते हैं। जिस तरह हम एक साथ मिलकर कोविड जैसी चुनौती से पार पाने में सक्षम हुए, ▸▸ शेष पेज 4 पर



### आतंकवाद से निपटने न हो दोहरा मापदंड

प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद से निपटने के लिए ठोस वैश्विक प्रयासों की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि इस खतरे से लड़ने में कोई 'दोहरा मापदंड' नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, आतंकवाद और इसके वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए, हमें सभी के एकनिष्ठ, दृढ़ समर्थन की आवश्यकता है। इस गंभीर मामले पर दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं है।

### हरिभूमि की खबर पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

# आंबेडकर में अब इमरजेंसी के मरीजों को भी मिलेगी दवा





हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- चौबीस घंटे खुलेगा अस्पताल का दवा वितरण केंद्र, फार्मासिस्टों की लगाई गई ड्यूटी

**खबर का असर**

अवकाश के दिन सरकारी अस्पतालों में इलाज के साथ दवा वितरण की समस्या पर हरिभूमि में प्रकाशित खबर को हाईकोर्ट ने संज्ञान में लिया है। इसके बाद सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में दवा वितरण के सिस्टम में बदलाव करने का आदेश जारी कर दिया गया है। चौबीस घंटे दवा वितरण केंद्र खुलने के बाद दोपहर बाद इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को भी आवश्यक दवा की उपलब्धता होगी। कई बार इमरजेंसी में आने वाले ऐसे मरीज जिन्हें भर्ती करने की आवश्यकता नहीं होती, उन्हें दवा के लिए इधर-उधर ▸▸ शेष पेज 4 पर

**सुधार का प्रयास**

आईपीडी में आने वाले जरूरतमंद मरीजों को सुबह तक जरूरी दवा मिल सके, इसके लिए मिनी स्टोर को रात्रि में भी खोलने का निर्देश दिया गया है। आने वाले दिनों में व्यवस्था को सामान्य बनाने के लिए फार्मासिस्टों की संख्या बढ़ाई जाएगी। अस्पताल में उपचार व्यवस्था में सुधार का प्रयास चल रहा है।
- डॉ. संतोष सोनकर
चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

### अन्य अस्पतालों का भी यही हाल

*आंबेडकर अस्पताल ने अपनी व्यवस्था में सुधार के लिए प्रयास शुरू कर दिया है, मगर दो बड़े अस्पतालों में भी दवा काउंटर की सुविधा ओपीडी के मरीजों के लिए ही सीमित है। डीके और जिला अस्पताल में संचालित होने वाले औषधि वितरण केंद्रों में मरीजों को उनकी बीमारी के हिसाब से दवा दोपहर तक ही मिल पाती है। रात्रि में इन अस्पतालों में आने वाले मरीजों को दवा के लिए मेडिकल स्टोर्स के भरोसे रहना पड़ता है।*


### स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था सुधारने की जरूरत

*बड़े अस्पतालों के साथ राजधानी समेत प्रदेश में संचालित होने वाले स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार सहित अवकाश के दिनों में उपचार व्यवस्था सुधारने की जरूरत है। अवकाश के दिन इन केंद्रों में मौजूद चिकित्सकीय स्टाफ की संख्या काफी सीमित हो जाती है और डाक्टर ऑन कॉल ड्यूटी पर आ जाते हैं। इसकी वजह से आने वाले मरीजों को उपचार के लिए दूसरे हेल्थ सेंटरों का चक्कर लगाना पड़ जाता है।*

## खबर संक्षेप

### तुर्किये में आतंकी हमला 4 की मौत, 5 घायल

**अंकारा।** तुर्किये की राजधानी अंकारा में बड़े आतंकी हमले की खबर है। तुर्किये के आंतरिक मंत्री का कहना है कि तुर्किये के एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी तुसास के परिसर पर हमले किए गए हैं। इन हमलों में चार की मौत हो गई, वहीं पांच लोग घायल हुए हैं।



### आईआईटी दिल्ली के छात्र ने आत्महत्या की

**नई दिल्ली।** आईआईटी दिल्ली के 21 वर्षीय छात्र ने अपने छात्रावास के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि उन्हें एम.एससी द्वितीय वर्ष के छात्र कुमार यश के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। झारखंड के देवघर का निवासी कुमार मानसिक उपचार करा रहा था।



### डिजिटल अरेस्ट कर 1.26 करोड़ की ठगी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में एक व्यक्ति के साथ 1.26 करोड़ रुपए की ऑनलाइन ठगी की गई। पुलिस के मुताबिक, स्कैमर्स कंबोडिया के थे। उन्होंने खुद को सीजेआई और सीबीआई अधिकारी बताया था। अहमदाबाद साइबर क्राइम टीम ने कहा कि मामला डिजिटल अरेस्ट का है।



*एक दर्जन से ज्यादा स्कूली बच्चे थे सवार*

# टाटा मैजिक नदी में गिरी बाल-बाल बचे मासूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जांजगीर-हसौद

स्कूली बच्चों से भरी टाटा मैजिक अनियंत्रित होकर सोन नदी में जा गिरी, जिस वक्त यह हादसा हुआ उस वक्त वाहन में एक दर्जन से ज्यादा मासूम बच्चे सवार थे। शुक्र है घटना के वक्त आसपास के ग्रामीणों ने साहस का परिचय दिया और नदी में कूद कर बच्चों को सकुशल बाहर निकाला। अन्यथा बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। घटना 23 अक्टूबर बुधवार की सुबह करीब 7:30 बजे हसौद-पिसौद के बीच स्थित सोन नदी में बने एनीकट पर हुई। हसौद पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हसौद में संचालित निजी स्कूल के बच्चे टाटा मैजिक क्रमांक सीजी 11 डी 7266 में ▸▸ शेष पेज 4 पर

**रेस्क्यू करने वालों का सम्मान**



### शॉर्टकट लेने की वजह से हादसा

जल्दी स्कूल पहुंचने के लिए ड्राइवर ने शॉर्टकट रास्ते का चुनाव किया, जिसकी वजह से ये हादसा हुआ है। ड्राइवर पिसौद से गुंजियाबोड़ के रास्ते हसौद पहुंच सकता था, जो हसौद पहुंचने का मुख्य मार्ग भी है, लेकिन ड्राइवर ने पिसौद एनिकट रास्ते का चयनकर शॉर्टकट अपनाया, एनीकट के ऊपर गाड़ी का स्टेरिंग फेल हुआ।

**एक्स-मेटा के साथ सरकार की बैठक**

# विमानों की धमकी पर केंद्र सख्त, 'एक्स' को अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने सोशल मीडिया साइट एक्स (पहले ट्विटर) की जमकर आलोचना की है। एक्स ने हाल ही में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स को लेकर फैलाए गए फर्जी बम खतरों से ठीक से नहीं निपटा। पिछले आठ दिनों में 150 से ज्यादा उड़ानों को फर्जी धमकियां मिली हैं। इससे फ्लाइट की आवाजाही पर असर पड़ा। इसके साथ ही यात्री सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं बढ़ी हैं। इन फर्जी धमकियों से अकासा, एअर इंडिया, इंडिगो और विस्तारा जैसी एयरलाइन्स प्रभावित हुई हैं।



### 'एक्स' को इसलिए दी गई वार्निंग

दरअसल, दिल्ली पुलिस को धमकी भरे मेसेज पोस्ट करने वाले एक्स अकाउंट की यूजर आईडी या डोमेन डिटेल्स हासिल करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### साबुत चना 58 रुपए किलो और मसूर दाल 89 रुपए में

# अब सब्सिडी पर मिलेगा चना और मसूर दाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र ने बुधवार को सब्सिडी वाली दालों के अपने कार्यक्रम का विस्तार करने की घोषणा की। अब सरकार बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए 'भारत' ब्रांड के तहत साबुत चना और मसूर दाल की भी बिक्री करेगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि सहकारी नेटवर्क भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) और केंद्रीय भंडार के जरिए साबुत चना 58 रुपए प्रति किलोग्राम और मसूर दाल 89 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जाएगा। जोशी ने इस पहल के दूसरे चरण को भी पेश किया।



**प्रति किलो दाम**

| | |
|---|---|
| गेहूं का आटा | 30रुपए |
| चावल | 34रुपए |
| चना दाल | 70 रुपए |
| मूंग दाल | 107 रुपए |
| साबूत मूंग | 93 रुपए |

### प्याज-टमाटर भी बेच रही सरकार

सरकार प्याज के लिए 35 रुपए प्रति किलोग्राम की दर फिलहाल तय की है। इधर टमाटर जब बाजार में 100 रुपए किलो थी तब सरकार ने 65 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध करवाई थी। केंद्रीय मंत्री ने दालों के बेहतर उत्पादन की उम्मीद जतायी है क्योंकि सरकार ने दालों के समर्थन मूल्य में काफी वृद्धि की है।

### तीन लाख टन चना, 68हजार टन मूंग आवंटित

खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने इस पहल के दूसरे चरण को भी पेश किया। उन्होंने कहा, हम मूल्य स्थिरीकरण कोष के अंतर्गत रखे गए अपने भंडार को सब्सिडी वाली कीमत पर बेच रहे हैं। सरकार ने सहकारी समितियों को तीन लाख टन चना और 68,000 टन मूंग आवंटित किया है। इस मौके पर खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के राज्यमंत्री बीएल वर्मा और निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया भी उपस्थित रहे।



# शादियां इतनी लंबी नहीं चलतीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। उड़ती-उड़ती खबरें हैं कि अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय अलग होने वाले हैं।



सोशल मीडिया पर चर्चा है कि अभिषेक बच्चन ने फिल्म 'दसवीं' की शूटिंग के दौरान ऐश्वर्या राय को धोखा दिया। इस मामले पर अभी तक ना तो अभिषेक बच्चन ने कुछ कहा है और ना ही किसी और तरह का ठोस सबूत सामने आया है। गॉसिप्स हैं कि अभिषेक बच्चन का निम्रत कौर के साथ अफेयर चल रहा था। इसी बीच इंटरनेट पर अभिषेक बच्चन का एक पुराना वीडियो वायरल होने लगा है जिसमें अभिषेक बच्चन अपनी फिल्म 'दसवीं' के प्रमोशन के लिए बैठे हुए हैं। जब होस्ट अभिषेक बच्चन को उनकी और ऐश्वर्या राय की लंबी चली शादी के लिए शुभकामनाएं देते हैं तो अचानक निम्रत कौर कहती हैं- शादियां इतनी लंबी नहीं चलती हैं।

## कमल के साथ अभिनय करना चाहते हैं जयम



मुंबई। अभिनेता जयम रवि ने कमल हासन के साथ काम करने की इच्छा जताई है। साथ ही ठग लाइफ फिल्म से बाहर होने को लेकर भी उन्होंने अफसोस जाहिर किया है। जयम रवि इन दिनों अपनी फिल्म 'ब्रदर' के प्रमोशन में बिजी हैं। जयम अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहे हैं। उन्होंने अब कमल हासन को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि कमल हासन से प्रेरित होकर जयम रवि ने एक्टिंग करियर में आने की प्रेरणा मिली।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172


विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## 'द राजा साब' का एक और पोस्टर रिलीज



मुंबई। अभिनेता प्रभास ने 23 अक्टूबर को अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' का धांसू पोस्टर जारी किया। इसके साथ रिलीज डेट का जिक्र किया है। प्रभास ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्टर साझा करते हुए लिखा है, 'समय आ गया है रोमांच का। 10 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में मिलते हैं'। पोस्टर में प्रभास सिंहासन पर बड़े स्वैग के साथ बैठे हैं। पैर पर पैर रखे वे काफी आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं। निर्देशक मारुती के निर्देशन में बनी प्रभास की इस फिल्म में निधि अग्रवाल और मालविका मोहनन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिलहाल फिल्म का प्रोडक्शन पूरे जोरों पर है। 'द राजा साब' एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, एक ऐसी शैली जिसने भारत में लोकप्रियता हासिल की है।

# पैरेंट्स को नहीं बताई थीं ब्रेस्ट कैंसर की बात



मुंबई। महिमा चौधरी ने बताया कि उन्होंने अपने पैरेंट्स को पहले ब्रेस्ट कैंसर के बारे में नहीं बताया था। जब महिमा ने ट्रीटमेंट के दौरान अपने बाल भी शेव किए तब भी उनके पिता को भनक नहीं पड़ी थी। उन्होंने इस बात को छिपाने की वजह भी बताई। महिमा चौधरी ने साल 2022 में बताया था कि उन्हें ब्रेस्ट कैंसर है और उनका इलाज चल रहा है। अब महिमा ने बताया कि कैसे उनके पैरेंट्स को नहीं पता था कि उन्हें कैंसर है। महिमा ने एक इंटरव्यू में बताया कि लॉकडाउन के दौरान उनकी मां पार्किनसन से जूझ ही थीं और उन्हें चेस्ट इन्फेक्शन था, वहीं उनके पिता भी हार्ट की दिक्कत की वजह से अस्पताल में भर्ती थे। एक्ट्रेस ने कहा, 'जब मुझे ब्रेस्ट कैंसर हुआ, मुझे समझ नहीं आ रहा था कि कैसे मैं पैरेंट्स को बताऊं, वो भी तब जब उन दोनों की तबीयत ठीक नहीं थी।' महिमा ने फिर कहा, 'एक दिन मैंने अपने पापा को कहा कि मुझे अपने बाल शेव करने हैं। उन्होंने मेरी मदद भी की। कुछ दिन बाद उन्होंने नर्स से पूछा कि मेरे बाल क्यों नहीं बड़े हो रहे है, जबकि उनके खुद इस उम्र में अच्छे बाल हैं।

## टीवी मसाला



# सात साल बाद गोविंदा से मिलने उनके घर पहुंचे कृष्णा अभिषेक

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक बॉलीवुड एक्टर गोविंदा के भांजे हैं। हालांकि, पिछले कई सालों से दोनों के बीच चीजें ठीक नहीं थीं। अब हाल ही में कृष्णा अभिषेक सात साल बाद अपने मामा के घर पहुंचे। कुछ दिनों पहले गोविंदा के पैर में गोली लग गई थी। अपने मामा का हालचाल लेने ही कृष्णा अभिषेक अपने मामा के घर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अब सब गिले शिकवे दूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी मामी यानी गोविंदा की पत्नी से मिलने में डर लग रहा था। गोविंद जब गोली लगने की वजह से अस्पताल में थे तब कृष्णा की पत्नी कश्मीरा उनसे अस्पताल में मिलने पहुंची थीं। उस वक्त कृष्णा नजर नहीं आए थे ,क्योंकि वो ऑस्ट्रेलिया में थे। एक बातचीत में कृष्णा ने उस बारे में बात करते हुए कहा, ' मैनें जब चीची मामा के एक्सिडेंट के बारे में सुना, उस वक्त मैं ऑस्ट्रेलिया में था। मैने लगभग अपना टूर कैंसिल कर दिया था, लेकिन अस्पताल के स्टाफ और कश्मीरा से बात करने के बाद मुझे पता चला कि वो ठीक हैं। जैसे ही मैं भारत आया, मैं मामा से मिलने उनके घर पहुंचा-सात साल में पहली बार। ऐसा महसूस हुआ कि मैं आधा वनवास काट कर आया हूं। वो ठीक हो रहे हैं। मैं उनके साथ एक घंटे तक रहा। सात साल बाद नम्मू (गोविंदा की बेटी टीना) से मुलाकात हुई। वो बहुत ही भावुक पल था, मैनें बस उसे गले लगा लिया।' कृष्णा से जब पूछा गया कि परिवार के बीच गलतफहमियां खत्म होने में इतना वक्त क्यों लगा? कृष्णा ने जवाब में कहा, 'बस पता नहीं क्यों इतना टाइम लगा। काफी चीजें हो रही थीं जिस वजह से मिलना नहीं हो पा रहा था।'

## चाहत ने फेंका अविनाश पर पानी, बोलीं- मेरे पैर की जूती भी तुमसे प्यार नहीं करेगी



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 खूब चर्चा में बना हुआ है। शो में हर कोई अपना बेस्ट देने की कोशिश कर रहा है। अविनाश मिश्रा और चाहत पांडे सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। अब नए एपिसोड में चाहत और अविनाश के बीच में जबरदस्त लड़ाई देखने को मिलेगी। चाहत अविनाश पर पानी फेंकेगी। नए प्रोमो में दिखाया गया कि चाहत बाल्टी भरकर पानी लाती है और अविनाश के ऊपर डालती है। उस वक्त अविनाश सो रहे थे तो वो नींद से जगते हैं। फिर अविनाश कहते हैं- मैं जानता हूं कि कहीं न कहीं चाहत जी के दिल में मेरे लिए बहुत सारा प्यार है। इसीलिए तो पानी फेंकती है कि मुझे वो गीले बालों में देखें। मेरे बदन को देखे। ये सुनकर चाहत कहती है- अविनाश मिश्रा मेरे पैर की जूती भी न तुमसे प्यार नहीं करेगी और नेशनल टीवी पर एक लड़की की इज्जत उछाल रहे हो कि मैं तुमसे प्यार करती हूं। थूकती हूं मैं तुम्हारे जैसी शक्ल और तुम्हारी जैसी सोच के लड़कों पर। इसके अलावा शो में दिखाया जाएगा कि अरफीन भी जेल के अंदर जाएंगे। बिग बॉस फिर एक ऑडियो क्लिप सुनाएंगे, जिसमें अरफीन सारा को लेकर कुछ बात करते सुनाई दे रहे हैं। इसके बाद सारा को सजा मिलती है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**हमाल/कुली/मिस्त्री**

आवश्यकता है- रायपुर में सड्डू बँजरपारा स्थित दाल मिल में कार्य हेतु हमाल/रेजा/कुली/दाल मिस्त्री की आवश्यकता है संपर्क करें। कन्हैयालाल संतोषकुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डू विधान सभा रोड रायपुर- 9826141178. (RO-5987)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- CMS सेक्यूरिटी (क्लिक मैंनेजमेंट सेल्यूशन) मे पुलगांव चौक, दुर्ग हेतु सेक्यूरिटी गार्ड की आवश्यकता है। वेतन 10000/- बायोडाटा सहित संपर्क करें:- B-8, आठवा फ्लोर, उषाइस्टेट, मोवा, रायपुर, मोबाइल 6261505253, 8738020009.(RO-328)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (Ro-3057)

**अकाउन्टेंट**

आवश्यकता है- सिविल एंड इन्फ्रा प्रोजेक्ट में कार्यरत फर्म को भिलाई में कार्य हेतु अनुभवी एकाऊंटेंट की। न्यूनतम 5वर्ष का अनुभव एवं कामर्स ग्रेजुएट एवं टेली का अनुभव जरूरी। वेतन योग्यतानुसार, पी.एफ. एवं ESI की सुविधा। संपर्क:- 77228-28505, 97550-42205 (आरो-608)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**घरेलु/कुक कार्य**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे, वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में घर का झाड़ू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/महिलाये चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही संपर्क करें 9300593000. (RO-1227)

**इंचार्ज/क्लर्क**

आवश्यकता है- सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर के लिए जे.सी.ओ. इंचार्ज 21000/-, स्टोर होल्डर-, 18000/-, बिलिंग क्लर्क और बिल चेकर- 15000/-, ऑफिस क्लर्क- 16000/- एवं सफाई कर्मी- 10700/-, आवेदन Email-id-hqcosaurc1985@gmail.com पर दिनांक 30 अक्टूबर 2024 तक करे। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in पर विजिट करे। संपर्क:- 9685726593. (RO-3058)

छोटा विज्ञापन

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- तेलीबांधा VIP चौक के पास रायपुर में प्रॉपर्टी डीलिंग के ऑफिस में अनुभवी युवती/ युवक की और नया रायपुर सीबीडी में नया रेस्टोरेंट में काम करने शेफ, वेटर और साफ सफाई के लिए युवक/युवतियों की आवश्यकता है संपर्क करें 9300087070.(RO-A)

आवश्यकता है- OCEAN Company को ऑफिस हेतु 10th से ग्रेजुएट, 18 से 28 वर्ष के युवक / युवतियों की आवश्यकता, आय 8500 से 18000, संपर्क करें - धरमपुरा जगदलपुर, (छ. ग.) मो.9644490606, 9303375986 (आरो-5984)

आवश्यकता है- टेली कॉलर एवं ऑफिस कार्य हेतु एक स्मार्ट, सुन्दर युवती/ महिला की आवश्यकता है बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 96690-15599 पता: बी-35, कटोरा तालाब, सिविल लाइन, रायपुर(RO-3061)

**इलेक्ट्रीशियन/फीटर**

आवश्यकता है- बिलासपुर रेलवे स्लीपर प्लांट में ग्रेड-1 इलेक्ट्रीशियन (4-5 वर्ष अनुभवी) ग्रेड-1 फीटर चाहिए। हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध आधार कार्ड सहित व्हाट्सएप पर सम्पर्क करें- 9669814440 (फोन पर सम्पर्क न करें) (RO-35746)

**हेल्पर**

आवश्यकता है- अग्नि शमन पाइप लाइन में कार्य करने हेतु हेल्पर की अतिशीध्र आवश्यकता है। संपर्क-14 रविशंकर शुक्ला मार्केट पावर हाऊस भिलाई ,मो.- 93290-11025, 97545-04465. (आरो न.-611)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- जनता कॉलोनी, देवेन्द्र नगर रायपुर में घरेलू काम हेतु फुल टाइम काम वाली बाई की आवश्यकता है। रहने, खाने की उत्तम व्यवस्था। सम्पर्क करें- 7327097200.(RO-35763)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- ऑफिस में कम्प्यूटर कार्य के लिए युवक/ युवतियों की आवश्यकता है। संपर्क करें:- मो.-95840-23555, 86022-32233 पता- शॉप नं.- 38 महिला समृद्धि बाजार पदमनाभपुर दुर्ग (छ.ग.) (आरो न.-606)

**ड्रायवर/रिशेप्सनिस्ट**

आवश्यकता है- चार पहिया वाहन हेतु 15वर्ष अनुभवी कार ड्राइवर, अंग्रेजी माध्यम cbse 7वी कक्षा छात्रा पढ़ाने हेतु महिला होम ट्यूटर, पिरदा स्थित प्रिंटिग प्रेस हेतु सुपरवाइजर रिशेप्सनिस्ट MS Office, Excel, PPT के अनुभवी की आवश्यकता है। बॉयोडाटा सहित संपर्क करें: - 8889335559, 8982878459 (आरो-327)

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000-55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ SMS/ WhatsApp/ करें -07903284986. (RO-503)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें :- 9102935834. (RO-3051)

आवश्यकता है- Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9155382119, 7050656611. (RO-505)

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 8929276138. (RO-504)

आवश्यकता है- (दीपावली सुनहरा अवसर) आवश्यकता है जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउस वाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम / फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं (जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667 (RO-1333)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट उपलब्ध है- दिवाली धमाका-दया नगर रिसाली में आवासीय डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध रेट 1299/वर्गफ़ीट,साइज़-2400 एवं 900 वर्गफीट,बैंक लोन कंस्ट्रक्शन सुविधा उपलब्ध- 9589886655 /9589046655.(आरो न.-609)

**जमीन**

जमीन बेचना है- नेशनल हाईवे रोड से लगा हुआ 14 एकड़ का संयुक्त प्लाट, उद्योग, हाउसिंग कॉलोनी एवं रिसोर्ट के लिए उपयुक्त फ्रंट आधा किलोमीटर शीघ्र बेचना है संपर्क- 9425517543, 9165420005. (RO-5985)

**For Rent किराया**

मैरिज पैलेस/ मंगल भवन किराये पर उपलब्ध
3000 व.फु. AC हॉल, 16 AC कमरे 20000 व.फु. गार्डन धनोरा रिसाली बोरसी (भिलाई) के नजदीक मात्र 75000 प्रतिदिन से पैकेज शुरू
मो. 8085640899

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 7988242279, 7988242279. (Ro-3055)

फाइनेंस - दिवाली धमाका ऑफर DHANI FINANCE (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) संपर्क:- 9201996879. (RO-3060)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

चमड़ी रोग
क्या आप कोई गंभीर चमड़ी रोगो से परेशान है जिसका उपाय नहीं मिल रहा हो, इसमे सोरियासिस एक जटिल लाईलाज रोग हैं। क्योकि यह वात, पित्त, कफ, किसी एक विकृति के कारण यह रोग होता है। आप कैसे जानेंगे कि किस विकृति से रोग हुआ हैं। परंतु कारण को जाने बिना स्टेराइड इत्यादि दवा से इसे दबाने की कोशिश करते हैं जो रोग बाद में जिद्दी एवं पुराना हो जाता है। यह आटो इम्यून डिसआर्डर रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा हैं ही नहीं। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते । इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर मे रुंसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमे कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किडनी खराब हो गये यदि समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो तो मिलें।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लीनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरुस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस) (आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि. 00255) 9303948500
निशांत अग्रवाल(फार्मासाईटिस्ट) 9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग (छत्तीसगढ़)समय - शाम 4 से 7 बजे।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


MARUTI SUZUKI
NEXA
STEP UP IN LIFE WITH THE GRAND VITARA DOMINION EDITION.
ENJOY SPECIAL SUV EXCHANGE BENEFITS & MORE.
GRAND VITARA
DOMINION EDITION
GET ACCESSORY PACKAGE OF UP TO
₹52 699#
GRAND VITARA
ONLY 08 DAYS LEFT
GRAND CONSUMER OFFERS UP TO ₹20 000#
GRAND MARUTI SUZUKI SMART FINANCE OFFER
GRAND EXCHANGE BONUS UP TO ₹85 000#
PER LAKH EMI STARTING FROM ₹1 475#
Know more about The Grand Vitara
Scan to chat on WhatsApp
RAIPUR: NEXA VIDHAN SABHA ROAD (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), NEXA ONE RING ROAD (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774),
NEXA MAGNETO (SKY AUTOMOBILES PH: 9111107011), BHILAI: NEXA SUPELA (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824),
DURG: NEXA DURG BYPASS (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), JAGDALPUR: NEXA JAGDALPUR (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160),
DHAMTARI: NEXA DHAMTARI (SKY AUTOMOBILE PH: 9111107016, 9111107014).
Contact us at 1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA] and visit www.nexaexperience.com to book online.
Creative visualisation. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to owner's manual. #All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Consumer offers applicable for Oct '24 model while stocks last. For more details regarding offers please contact your nearest NEXA dealership. T&C apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS

# 'पहली बार में अपने लिए वोट मांग रही हूं'... प्रियंका ने वायनाड से भरा नामांकन

*हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। केरल की वायानाड सीट से चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने एक लंबे रोड शो के बाद नामांकन कर दिया है। इस दौरान उनके साथ उनके भाई और वायानाड सीट के पूर्व सांसद राहुल गांधी भी मौजूद रहे। दोनों नेता वायनाड के पुथुमाला सामूहिक कब्रिस्तान भी पहुंचे और पिछले दिनों लैंडस्लाइड में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। प्रियंका गांधी ने नॉमिनेशन फाइल करने के बाद कहा, 'यहां के लोग पहले से ही मुझे बहुत प्यार दे रहे हैं और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं।' वायनाड में इस दौरान कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।*

## वायनाड में सोनिया-राहुल भी रहे मौजूद

लंबे रोड शो के बाद दिग्गजों की मौजूदगी में गांधी ने दाखिल किया नामांकन



## 'वायनाड से दो सांसद होंगे'

वायनाड में रोड शो के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा,"वायनाड देश का ऐसा लोकसभा क्षेत्र है जहां से दो सांसद होंगे। एक आधिकारिक सांसद और दूसरा अनौपचारिक सांसद। इस दौरान प्रियंका गांधी ने कहा, 'सत्य और अहिंसा ने मेरे भाई को प्यार और एकता के लिए भारत भर में 8000 किलोमीटर पैदल चलने के लिए प्रेरित किया। वह आपके समर्थन के बिना ऐसा नहीं कर सकता था। आप मेरे भाई के साथ तब खड़े रहे जब पूरी दुनिया उनसे मुंह मोड़ रही थी। आपने उन्हें लड़ते रहने के लिए अपनी ताकत और साहस दिया। मेरा पूरा परिवार हमेशा आपका ऋणी और आभारी रहेगा। मुझे पता है कि उसे आपको छोड़ना पड़ा और मैं वादा करती हूं कि मैं आपके और उनके बीच के बंधन को और मजबूत करूंगी। उसने मुझे उन बड़ी समस्याओं के बारे में बताया है जिनका आप सामना कर रहे हैं। मेरे भाई ने मुझे उन संघर्षों के बारे में बताया है जिनका आप सामना कर रहे हैं। मैं आपके घर आना चाहती हूं और आपसे सीधे समझना चाहती हूं कि आपकी समस्याएं क्या हैं और हम उनसे कैसे निपट सकते हैं।"

## 'राजनीति में 35 साल का अनुभव'



प्रियंका गांधी ने कहा, 'मुझे 35 साल हो गए हैं, मैं अलग-अलग चुनावों के लिए प्रचार करती रही हूं। यह पहली बार है जब मैं अपने लिए आपका समर्थन पाने के लिए प्रचार कर रही हूं।' प्रियंका ने कहा कि उनके पास राजनीति में 35 साल का अनुभव है क्योंकि वे 1989 में अपने पिता राजीव गांधी के साथ 17 साल की उम्र में पहली बार चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुई थीं। वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले कलपेट्टा में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे 1989 में अपने पिता राजीव गांधी के साथ चुनाव प्रचार में शामिल हुईं थीं, उसके बाद से 35 वर्षों में उन्होंने अपनी मां सोनिया गांधी, अपने भाई राहुल गांधी और पार्टी के अन्य सहयोगियों के लिए प्रचार किया है।

**पंजाब-हरियाणा को सुप्रीम कोर्ट की फटकार**

# 'पराली जलाने वालों के आंकड़ों के बारे में झूठ बोला जा रहा'



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार की जमकर खिंचाई की। अदालत ने कहा कि दोनों राज्यों ने पराली जलाने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की। अदालत ने कहा कि अगर ये सरकारें सच में कानून को लागू करने में रुचि रखती हैं तो कम से कम एक अभियोजन जरूर होगा। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव से कहा कि करीब 1080 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन आपने सिर्फ 473 लोगों से मामूली जुर्माना वसूला है। आप 600 या उससे ज्यादा लोगों को बख्श रहे हैं। हम आपको साफ-साफ बता दें कि आप उल्लंघनकर्ताओं को यह संकेत दे रहे हैं कि उनके खिलाफ कुछ नहीं किया जाएगा। यह पिछले तीन सालों से हो रहा है।

### हर मिनट बदल रहे आंकड़े हरियाणा से शीर्ष अदालत

हरियाणा के मुख्य सचिव ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 400 फसल जलाने की घटनाएं हुईं। साथ ही राज्य में 32 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पराली जलाने वालों के आंकड़ों के बारे में झूठ बोला जा रहा है। आंकड़े हर मिनट बदल रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि हरियाणा लोगों का चयन कर रहा है। उसके अनुसार कुछ लोगों से मुआवजा लिया जा रहा और कुछ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। पीठ ने कहा, 'हम कुछ पर एफआईआर दर्ज करने और कुछ पर मामूली जुर्माना लगाने को लेकर चिंतित हैं।'

### पराली के बारे में क्या किया जा रहा?

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव से पूछा, पराली के बारे में क्या किया जा रहा है और क्या किसानों को कुछ प्रदान किया गया है? इस पर मुख्य सचिव ने कहा कि पराली के निस्तारण के लिए करीब एक लाख मशीनें दी गई हैं, जिससे पराली जलाने में कमी आई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और पंजाब तथा हरियाणा राज्यों को यह याद दिलाने का समय आ गया है कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन है।

### दिवाली के बाद होगी अब मामले में सुनवाई

वायु प्रदूषण के मामले को दिवाली के बाद स्थगित करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि वह दिल्ली में परिवहन से उत्पन्न प्रदूषण, शहर में भारी ट्रकों के प्रवेश और खुले में कूड़ा जलाने के मुद्दों पर विचार करेगा।

**अब तक 11 पकड़े गए; मुख्य शूटर अभी भी फरार**

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बुधवार को एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में एक और आरोपी अमित हिसामसिंह कुमार को गिरफ्तार किया है। 29 वर्षीय अमित कुमार हरियाणा के कैथल जिले के नथवान पत्ती का निवासी है। इस गिरफ्तारी के साथ ही मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को हिरासत में लिया जा चुका है। रविवार को पुलिस ने इस मामले में एक स्क्रैप डीलर भगवत सिंह ओम सिंह को नवी मुंबई से गिरफ्तार किया था। ओम सिंह राजस्थान के उदयपुर का निवासी है और उस पर आरोप है कि उसने उन लोगों को हथियार मुहैया कराया था, जिन्होंने 12 अक्टूबर को एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की थी।

## इंडोनेशिया के तट पर फंसे 140 रोहिंग्या

**लाबुहान हाजी (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के सुदूरवर्ती उत्तरी प्रांत आचेह के समुद्र तट से लगभग एक मील की दूरी पर मंगलवार को करीब 140 रोहिंग्या लंगर डाले खड़ी नौका में फंसे हुए हैं क्योंकि स्थानीय लोगों ने उन्हें उतरने की अनुमति नहीं दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

**SBI भारतीय स्टेट बैंक**, परिसर एवं सम्पदा विभाग, स्थानीय प्रधान कार्यालय, होशंगाबाद रोड, भोपाल-462011.

निविदा आईडी : एलएचओ/बीएचओ/2024-25/
भाग - ए : तकनीकी बोली (लिफाफा - I)
रायपुर में भारतीय स्टेट बैंक के लिए "हॉलिडे होम" के रूप में होटल के कमरों (2 नग) को किराए पर लेने/पट्टे पर देने के लिए निविदा

भारतीय स्टेट बैंक का इरादा आगंतुकों के लिए बेहतर सुविधाओं के साथ रायपुर रेलवे स्टेशन के 5 किमी के आसपास लीज़ के आधार पर रायपुर शहर में "हॉलिडे होम" के रूप में उपयोग के लिए "होटल रूम" (2 नग) किराए पर लेने का है, जो कब्जे के लिए तैयार स्थिति में हैं। अधिक जानकारी और निविदा दस्तावेज़ डाउनलोड करने के लिए, कृपया 24.10.2024 से 13.11.2024 तक बैंक की वेबसाइट https://bank-sbi के अन्तर्गत "SBI in the News > Procurement News" पर जाएं। इस कार्यालय में प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 13.11.2024 को 15:00 बजे तक या उससे पहले होगी। इसके अलावा, इस संबंध में नोटिस/स्पष्टीकरण केवल ऊपर उल्लिखित बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा। इस निविदा में दलालों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, केवल होटल मालिकों/व्यक्तियों/फर्मों/कंपनियों/ट्रस्टों को ही आवेदन करना होगा।

सहायक महाप्रबंधक (परिसर एवं सम्पदा)

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं. WAT-RSO-TENDER-03-2024

**कार्य का नाम :** दो वर्षों की समयावधि के लिए विजयनगरम में आवश्यकता के अनुसार अहर्निषं विजयनगरम स्टेशन पर स्थित रनिंग रूम एवं वापस आने के लिए क्रू एवं ट्रेन प्रबंधको के परिवहन हेतु एक पूर्णत: कवर किया हुआ परमिट प्राप्त सड़क वाहन (टाटा सूमों, बोलेरो अथवा अनुरूप) एवं साथ ही क्रू एवं ट्रेन प्रबंधको के लिए 60 बिस्तोरों की क्षमता वाले रनिंग रूम सेवाओं (लजिंग एवं बोर्डिंग) को किराये पर लेना।

**विज्ञापित मूल्य :** ₹ 4,47,09,886.80, EMD: ₹ 3,73,600/-, निविदा दस्तावेज की लागत : ₹ 11,800/-, पूरा होने की अवधि : 730 दिन।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : 24.10.2024

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 07.11.2024 को 1500 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।
ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (OP), वाल्टियर
PR-655/P/24-25

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL**
(Shantikunj), H.No. 797- II, South Civil Lines, Jabalpur (M.P)
(Summons under Sub- Section (4) of Section 19 of the Act, read with sub- rules 2A) of rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.

**ORIGINAL APPLICATION No. 651/2023**
IDBI Bank Limited ....Applicant
VERSUS
BHAGCHAND PARAKH AND ORS. ...Defendants

1. **Bhagchand Parakh** S/o Shri Champa Lal, R/o H. No. 18, Ward No. 1 Village Panduka Tehsil- Khairagarh District- Rajnandgaon (C.G.) 491441
2. **Smt. Umendi** W/o Brajlal, R/o H. No. 85, Village Panduka Tehsil- Khairagarh District- Rajnandgaon (C.G.) 491441
3. **Praveen Parakh** S/o Bhagchand Parakh, R/o H. No. 18, Ward No. 1 Village Panduka Tehsil- Khairagarh District- Rajnandgaon (C.G.) 491441

Whereas, **OA No. 651/2023** was listed before Hon'ble Presiding officer on **06/06/2023**.
Whereas, this Hon'ble Tribunal is Pleased to issue Summons/Notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of Debts of **Rs. 50,61,649/-** (Application along with, copies of documents etc. annexed). In accordance with sub- section (4) of section 19 of the Act, you the Defendants are directed as under-
**I.** To show cause within 30 days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted. **ii.** To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the Original Application. **iii.** You are restrained from dealing without disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the Original Application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties. **iv.** You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and /or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the Original Application without the prior approval of the tribunal. **v.** You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institutions holding security interest over such assets. **vi.** You are also directed to file the written statement with a copy there of furnished to the applicant and to appear before the Registrar on **25/11/2024** at 10:30 A.M, failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of the tribunal, this **10th day of September, 2024.**

SEAL
By order of the Tribunal
Registrar
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

# कनाडा को उसी की भाषा में समझाएगा भारत, जाएगा फाइव आइज देशों के पास!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**खास बातें**
- इस समूह में हैं अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड

कनाडा और भारत के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। इसी बीच अब खबर है कि भारत भी फाइव आइज का रुख कर सकता है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि खालिस्तानियों की जानकारी के मामले में कनाडा से सहयोग नहीं मिलने का मुद्दा पांच देशों के समूह के सामने उठाया जा सकता है। ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय जांच एजेंसियों की तरफ से कनाडा में बसे खालिस्तानी तत्वों की जानकारी मांगी जा रही है, लेकिन खबर है कि इसे लेकर कनाडा खास सहयोगी साबित नहीं हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अब कनाडा में बसे वॉन्टेड चरमपंथियों की सूची फाइव आइज देशों के साझा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कनाडा के अलावा इस समूह में अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया औरन्यूजीलैंड शामिल है।

**ट्रंप की संभावित वापसी से चिंतित**

# हैरिस के चुनाव अभियान के लिए गेट्स ने दिया 50 मिलियन डॉलर

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एक महत्वपूर्ण राजनीतिक कदम उठाते हुए, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के 2024 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के लिए 50 मिलियन डॉलर का दान किया है। यह योगदान फ्यूचर फॉरवर्ड यूएसए एक्शन नामक गैर-लाभकारी संगठन को किया गया, जो अपने दानकर्ताओं के नामों को सार्वजनिक नहीं करता. इस प्रकार, गेट्स का समर्थन अभी तक जनता की नजरों से छिपा रहा है। हालांकि गेट्स ने सार्वजनिक रूप से कमला हैरिस का समर्थन नहीं किया है, लेकिन उनके करीबी सूत्रों का कहना है कि वह डोनाल्ड ट्रंप की वापसी से जुड़े संभावित खतरों को लेकर गहरी चिंता में हैं। खासकर जलवायु परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य, और परिवार नियोजन जैसे मुद्दों पर।

### गेट्स व मस्क की प्रतिबद्धता

गेट्स के इस कदम से यह स्पष्ट है कि वे हैरिस के चुनाव को देश और दुनिया के लिए जरूरी मानते हैं। वहीं मस्क की ट्रंप के प्रति प्रतिबद्धता से यह चुनाव एक ऐसी लड़ाई में बदल गया है जहां दो बड़े तकनीकी दिग्गज अपने-अपने तरीके से भविष्य को आकार देने का प्रयास कर रहे हैं। 2024 का चुनाव अमेरिकी राजनीति में तकनीकी अरबपतियों के प्रभाव की ऐतिहासिक टक्कर बन सकता है।






कर कटौतीकर्ता : कृपया ध्यान दें

कटौती करें
जमा करें
ई–फाईल करें
जारी करें

यह आपकी राष्ट्र और कर कटौती करवाने वाले (डिडक्टी) के प्रति जिम्मेदारी है।

समय से टी.डी.एस अनुपालन सुनिश्चित करें

**ई-फाइल करें**
30 सितम्बर, 2024 को समाप्त हुई तिमाही की टी.डी.एस विवरणी
**31 अक्टूबर, 2024** तक फाईल करें।
देरी के लिए विलम्ब शुल्क ₹200/- प्रति दिन तथा ₹1,00,000/- तक की शास्ति से बचने के लिए अपनी टी.डी.एस विवरणी को देय तिथि 31 अक्टूबर, 2024 को या इससे पहले ई–फाईल करें।

**जारी करें**
30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए (वेतन को छोड़कर अन्य आय) के लिए फार्म 16ए
**15 नवम्बर, 2024** तक जारी करें
टी.डी.एस प्रमाण–पत्र जारी करने में देरी करने पर प्रत्येक प्रमाण–पत्र के लिए प्रति दिन के हिसाब से ₹500/- की शास्ति लगाई जाएगी।

**सावधान**

| क्या आपने..... | तब आपको करना है..... |
|---|---|
| आयकर कटौती की है परंतु अभी तक जमा नहीं की है? | कर तुरंत जमा करें। |
| ट्रेसेस पोर्टल पर पंजीकरण नहीं किया है? | https://www.tdscpc.gov.in पर पंजीकरण करें। |
| पैन/चालान त्रुटियों के संबंध में सीपीसी (टी.डी.एस) से संदेश/ई–मेल प्राप्त किया है? | कम भुगतान की चूक से बचने के लिए सात दिन के अंदर जवाब दें। |
| कटौती करवाने वाले की सही पैन संख्या दर्ज की है? | सत्यता की जांच करने के लिए TRACES पोर्टल पर पैन/टैन मास्टर सुविधा का उपयोग करें। |
| कटौती करवाने वालों को कर के उचित क्रेडिट की सुविधा प्रदान की? | टी.डी.एस विवरणी में अपना टैन, कटौती करवाने वाले का पैन और भुगतान चालान का सीआईएन सही ढंग से दर्ज करें जिससे कि TRACES पोर्टल से टी.डी.एस प्रमाण–पत्र डाउनलोड किया जा सके। (सही विवरण न देने पर जुर्माना लगाया जा सकता है) |

**टीडीएस प्रमाणपत्र डाउनलोड करें:**
- फार्म 16/16A/16B/16C/16D, को TRACES पोर्टल https://www.tdscpc.gov.in से जेनरेट करना अनिवार्य है (केवल TRACES पोर्टल से डाउनलोड किया गया टी.डी.एस प्रमाणपत्र ही वैध है)। यदि फाइल की गई विवरणी में पैन नहीं दर्शाया गया है या गलत पैन दर्शाया गया है तो TRACES पोर्टल से टी.डी.एस प्रमाणपत्र डाउनलोड नहीं किया जा सकता।
- बिना पैन वाले अनिवासियों (Non-residents) से की गई टी.डी.एस कटौती के लिए टी.डी.एस प्रमाणपत्र के बजाय लेन देन आधारित रिपोर्ट (TBR) डाउनलोड की जा सकती है, और फार्म नंबर 27Q में रिपोर्ट की जा सकती है।

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

आयकर विभाग
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

अधिक जानकारी के लिए https://www.tdscpc.gov.in, www.incometax.gov.in पर जाएं

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

@IncomeTaxIndia incometaxindia.official @IncomeTaxIndiaOfficial @incometaxindiaofficial @Income Tax India Official

cbc15401/13/0006/2425

# गैंगस्टर अमन को चुनाव लड़ने हाईकोर्ट से नहीं मिली अनुमति

**बिलासपुर।** रायपुर जेल में बंद गैंगस्टर अमन साव द्वारा झारखंड से विधानसभा चुनाव लड़ने की अनुमति से संबंधी याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई थी। कोर्ट ने इस मांग को अस्वीकार करते हुए बुधवार को याचिका खारिज कर दी है। गैंगस्टर ने बड़कागांव विधानसभा से नामांकन दाखिल करने की बात कही थी। मामले की सुनवाई जस्टिस सचिन सिंह राजपूत के कोर्ट में हुई। इससे पहले जिला कोर्ट में भी यह याचिका खारिज कर दी गई है। फिलहाल कोर्ट ने उसे 28 अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

- झारखंड में नामांकन की थी तैयारी

उसके वकील ने कहा कि अमन बड़कागांव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहता है। चुनाव का नामांकन दाखिल करने के लिए उसे झारखंड ले जाना होगा। हम कुछ डॉक्यूमेंट भी लेकर आए थे, जिसे वेरीफाई किया जा सके। चुनाव को लेकर हमारे पास समय बहुत कम है। हमें कोर्ट से परमिशन लेनी थी लेकिन नहीं मिली है।

### क्या है मामला

गौरतलब है कि 40 पुलिसकर्मियों की टीम अमन साव को झारखंड से प्रोडक्शन वारंट पर 14 अक्टूबर को रायपुर लेकर आई थी। कारोबारी प्रह्लाद राय अग्रवाल की कार पर फायरिंग केस में अमन साव मुख्य आरोपी है। 13 जुलाई को अमन के गुर्गों ने फायरिंग की थी। इस गोलीकांड में अमन साव के अलावा लॉरेंस बिश्नोई का नाम भी सामने आया था।

शव नहीं हटाने पर वर्ग संघर्ष की स्थिति होगी उत्पन्न, प्रशासन होगा जिम्मेदार

# शव हटाने की मांग पर ग्रामीण पहुंचे मुख्यालय, कलेक्टर-एसपी को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के तोंगपाल थाना क्षेत्र के मारेंगा निवासी पास्टर की मौत के बाद शव को कब्रिस्तान की बजाए दरभा के छिंदावाड़ा पंचायत स्थित आदिवासी समाज के श्मशान में दफनाने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। बुधवार को दर्जनों की संख्या में सर्व आदिवासी समाज में पदाधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने कलेक्टर व एसपी से मुलाकात कर शव को



निकालने की मांग की। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व छिंदावाड़ा पंचायत एक में बिना ग्राम प्रमुखों की सहमति के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। इसका पता लगते ही क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी रोष देखा जा रहा है। गजिला मुख्यालय पहुंचे पूर्व विधायक व छग सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम, जिला अध्यक्ष दशरथ सिंह कश्यप क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर शव हटाने ज्ञापन सौंपा। तोड़ेम ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि मामला छिंदावाड़ा का है। सुकमा के तोंगपाल में दूसरे समुदाय के व्यक्ति की मौत हो गई थी जो पास्टर के पद पर पिछले दो दशक से काम कर रहा था। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि पास्टर के शव को वहां से निकालकर दूसरे जगह पर कफन दफन किया जाए।

# फर्जी एसबीआई में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, शिकंजे में आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

फर्जी एसबीआई शाखा में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम छपोरा का है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जीवराखन कावड़े मुख्य प्रबंधक (प्रशासन) ने 27 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम छपोरा में फर्जी भारतीय स्टेट बैंक शाखा 18 सितंबर से खुला है, जहां 6 व्यक्ति काम कर रहे है। पूछताछ करने पर अनिल भास्कर एवं अन्य के द्वारा एक राय होकर भारतीय स्टेट बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर रुपए लेकर कल पूर्वक कूट रचना करते हुए फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर फर्जी बैंक खोल कर धोखाधड़ी की है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में मामले के फरार आरोपी नरेन्द्र साहू के घर ग्राम कुंवामलगी थाना कुण्डा को टीम के मदद से उसके घर में घेराबंदी पकड़ा गया। उसने एसबीआई में कैशियर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर अपने अन्य साथी के कहने पर पिन्टू मरावी से 30 हजार रुपए ठगी करने की बात स्वीकार की। मामले में आरोपी से 1 नग मोबाइल फोन जब्त किया है। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।














100+ DINING SET RANGE
100+ CENTRE TABLE RANGE
50% OFF
पुष्य नक्षत्र
बचत उत्सव
Amit Furniture
CRAFTED WITH EXCELLENCE
अमित में ही है फायदा
अमित सेल्स लाया है आपके लिए फर्नीचर भी
फर्नीचर खरीदने से पहले एक बार अमित सेल्स जरूर पधारें
पुष्य नक्षत्र में शुभ खरीदी
अमित सेल्स की बड़ी बचत के साथ
अमित सेल्स में सबसे कम दामों की गारंटी!
नया स्टॉक उपलब्ध
आधुनिक फर्नीचर का विशाल संग्रह ● न्यू स्टॉक उपलब्ध ▸ + बेडरूम सेट + डाइनिंग सेट + आउटडोर फर्नीचर + स्टील अलमारी + सेंटर टेबल + सोफा सेट + रैकलाइनर + सोफा कम बेड + शो-केश + कस्टमाइज्ड की सुविधा उपलब्ध
EASY FINANCE
सभी कार्ड धारको के लिए EMI की सुविधा उपलब्ध*
BAJAJ FINSERV
HDFC BANK
AXIS BANK
standard chartered
SBI card
citi
Bank of Baroda
FEDERAL BANK
kotak
*OFFER ON SELECTED BRANDS • T&C APPLY
नियम व शर्तें लागू*
एक समझदारी भरा फैसला संपूर्ण खुशहाली
अमित सेल्स
संपर्क : 88199 00083, 99261 27001
आज शोरूम खुला रहेगा
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर | श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर
Embassy


SONY
BRAVIA
CINEMA IS COMING HOME
Advanced AI
Powered by XR
S.S. Rajamouli
Celebrated Filmmaker
DIRECTOR
SPECIAL FESTIVE OFFERS*
3 YEARS WARRANTY*
*Applicable on select Models
INSTANT CASHBACK UP TO RS.25,000/-
*Applicable on select Models
1 EMI FREE*
*Applicable on select Models
TV + SOUNDBAR COMBO OFFER
SAVE UPTO Rs.64,990/-
BUY NOW AT Rs.2,995/-
BRAVIA 9
Our brightest 4K ever
WINNER 2024 TV SHOOTOUT KING OF MINI LED TV
SONY BRAVIA 9 Mini LED TV
SPECIAL OFFER
Buy now Rs.7,500/-
Soundbar Combo Offer Save up to Rs.64,990/-
XR Mini LED
Available Sizes: • 216cm (85) • 189cm (75)
Range starts from Rs.4,49,990/-
BRAVIA 8
Aesthetic slimness, blends in beautifully
SPECIAL OFFER
Buy now Rs.5,500/-
Soundbar Combo Offer Save up to Rs.52,490/-
Google TV
XR OLED
Available Sizes: • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.2,19,990/-
BRAVIA 7
Perfectly balanced, entertains everyone brilliantly
SPECIAL OFFER
Buy now Rs.2,995/-
BRAVIA Theatre Combo Rs.5,995/-
GET BRAVIA 4325 on purchase of BRAVIA 7
Google TV
XR Mini LED
Available Sizes: 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.1,82,990/-
X90L | XR LED
Vibrant Contrast. Vivid Colours.
SPECIAL OFFER
Buy now Rs.2,995/-
Soundbar Combo Offer Save up to Rs.49,990/-
Google TV
Available Sizes: • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.1,24,990/-
BRAVIA 3
Rich Color, Immersive Sound
X1 4K HDR Processor
SPECIAL OFFER
Buy now Rs.2,995/-
BRAVIA Theatre Combo Rs.3,995/-
Google TV
Available Sizes: • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50)
Range starts from Rs.83,990/-
BRAVIA 2
Wonderful World of 4K
X1 4K Processor
SPECIAL OFFER
Buy now Rs.1,849/-
BRAVIA Theatre Combo Rs.2,995/-
Google TV
Available Sizes: • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43)
Range starts from Rs.44,990/-
Finance offers powered by:
ATTRACTIVE CREDIT CARDS FINANCE OPTIONS*
ATTRACTIVE PAPER FINANCE OPTIONS*
pine labs
Paytm
ICICI Bank
SBI card
YES BANK
HDFC BANK
*Features & prices may vary for each product. For more details please visit: www.sony.co.in; Special Offers Applicable on select products in select cities for limited period only. For details of terms & Conditions on offers please visit https://www.sony.co.in/microsite/diwali2024/ BRAVIA 9 Award: The Annual TV Shootout evaluation event was created by Value Electronics and the TV Shootout name is a trademark owned by Value Electronics. King of TV® a registered trademark of Value Electronics
Scan to know more
Diwali Offers
अमित सेल्स
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
88199 00083
आज शोरूम खुला रहेगा
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर
श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### एसबीआई लाइफ का लाभ 39 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का चालू वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 39 प्रतिशत बढ़कर 529 करोड़ रुपये रहा है। 2023-24 की दूसरी तिमाही (सितंबर) में 380 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। तिमाही में कुल आय बढ़कर 40,015 करोड़ रुपये हो गई, एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में यह 28,569 करोड़ रुपये थी।

### टीवीएस मोटर का शुद्ध लाभ बढ़कर 588.13 करोड़

**नई दिल्ली।** चेन्नई की कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 41.4 प्रतिशत बढ़कर 588.13 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। 2023-24 की दूसरी तिमाही (सितंबर) में शुद्ध लाभ 415.93 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 11,301.68 करोड़ रुपये रही।

### हुंडई मोटर का शेयर चार प्रतिशत से अधिक चढ़ा




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का शेयर बुधवार को चार प्रतिशत से अधिक चढ़कर बंद हुआ। इससे पहले कंपनी के शेयर ने मंगलवार को बाजार में सूचीबद्धता के दिन खराब शुरुआत की थी और सात प्रतिशत से अधिक गिर गया था। बीएसई पर कंपनी का शेयर 4.19 प्रतिशत उछलकर 1,896.70 रुपये पर बंद हुआ।

### एस्कॉर्ट्स कुबोटा रेलवे उपकरण कारोबार बेचेगी




**नई दिल्ली।** कृषि एवं निर्माण उपकरण कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड अपने रेलवे उपकरण कारोबार प्रभाग को सोना प्रिसिजन फोर्जिंग्स लिमिटेड को 1,600 करोड़ रुपये में बेचेगी। कारोबार को स्थानांतरित करने के लिए सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स लिमिटेड के साथ एक कारोबार हस्तांतरण समझौता किया है।

### एनपीसीआई की मंजूरी से पेटीएम का शेयर 8% चढ़ा




**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का शेयर बुधवार को आठ प्रतिशत से अधिक उछल गया।एनपीसीआई की तरफ से पेटीएम को सभी प्रक्रियात्मक दिशा-निर्देशों और परिपत्रों के पालन के अधीन नए यूपीआई उपयोगकर्ताओं को जोड़ने की मंजूरी मिलने से इसके शेयरों में तेजी देखी गई।

### बोइंग को छह अरब अमेरिकी डॉलर का हुआ भारी घाटा




**एवरेट (अमेरिका)।** विमान बनाने वाली बोइंग को जुलाई-सितंबर तिमाही में छह अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का भारी घाटा हुआ है। इसकी मुख्य वजह काम बंद होने और वाणिज्यिक विमानों तथा रक्षा कार्यक्रमों से जुड़े शुल्क रही। बोइंग को जुलाई-सितंबर तिमाही में प्रति शेयर 9.97 अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ। कुल समायोजित नुकसान प्रति शेयर 10.44 अमेरिकी डॉलर है। कुल राजस्व 17.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो वॉल स्ट्रीट के अनुमान के अनुरूप है।

# 'एआई' से नई नौकरियों का होगा सृजन, पर कई खत्म भी होंगी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य (ईएसीपीएम) संजीव सान्यालय ने बुधवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) से नई नौकरियों का सृजन होगा और कई पुरानी खत्म भी होंगी। यह इस बात पर निर्भर करता है कि इसे कैसे अपनाया जाता है।

- मध्यस्थ लोगों के कार्य समाप्त हो जाएंगे

उद्योग मंडल भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक कार्यक्रम सान्याल ने दावा किया कि कृत्रिम मेधा अत्यधिक कुशल लोगों को प्रभावित करेगा और मध्यस्थ के कार्य समाप्त हो जाएंगे। सान्याल ने कहा, ''एआई को लेकर बहुत चर्चा है। बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि हम इसे कैसे अपनाते हैं। सरकार और जनता के बीच इसपर बहस चल रही है। यह भी सच है कि अगर हम इसे नहीं अपनाएंगे तो पीछे रह जाएंगे।''

*शिक्षा पर एआई का पड़ेगा प्रभाव : सान्याल ने दावा किया कि उच्च कौशल वाले क्षेत्रों में मौजूदा लोगों की भूमिका समाप्त हो जाएगी जबकि नौकरियां समाप्त भी होंगी और सृजित भी होंगी। अर्थशास्त्री ने कहा, ''एक क्षेत्र है, जहां एआई निश्चित रूप से प्रभाव डालेगा और वह शिक्षा है।''*

*पाठ्यक्रम अद्यतन किया जा सकता है : सान्याल ने यह भी कहा कि इसके जरिये पाठ्यक्रम को निर्बाध रूप से अद्यतन किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''ऐसे स्थिति में, विश्वविद्यालय केवल शोध के लिए स्थान होंगे, न कि व्याख्यान देने के लिए। एआई का उपयोग करके प्रमाणन की एक प्रणाली भी बनाई जा सकती है।''*

### ईएसीपीएम सान्याल ने कहा, एआई अत्यधिक कुशल लोगों को प्रभावित करेगा

#### एआई के लिए चैटबॉट का उपयोग होगा

सान्याल ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि लोग वीडियो-प्रसारित करने वाली वेबसाइट पर व्याख्यान सुनेंगे और सवाल-जवाब के लिए एआई चैटबॉट का उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा, ''इसका मतलब है कि छात्रों को कुछ आपसी सहयोग से जुड़े कार्यों को छोड़कर कॉलेज जाने की आवश्यकता नहीं होगी। स्नातक शिक्षा पूरी तरह से मुफ्त हो सकती है।''



#### अमेरिका ने लेसे फेयर की नीति अपनाया

सान्याल के अनुसार, मुख्य मुद्दा यह है कि नीतिगत उपायों का उपयोग करके इसे कैसे नियमित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने एआई के लिए 'लेसे फेयर' यानी बिना कोई हस्तक्षेप के चीजों को अपने तरीके से आगे बढ़ने की नीति को अपनाया है, जबकि यूरोप नौकरशाही के जरिये नियंत्रण के पक्ष में है। इन पहलुओं पर एक अध्ययन पत्र के सह-लेखक सान्याल ने कहा कि चीनी दृष्टिकोण भी यूरोप की तर्ज पर है।

## चांदी पहुंची लखटकिया के पार, हुई 1.02 लाख रुपए प्रति किलोग्राम

# शादी-विवाह के मौसम की मांग से सोने चांदी ने फिर बनाया अपना नया रिकॉर्ड


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी के साथ सोने और चांदी की कीमतें बुधवार को नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गईं। इसका मुख्य कारण त्योहारी और शादी-विवाहर के मौसम की मांग है।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोना 500 रुपये बढ़कर 81,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि चांदी 1,000 रुपये बढ़कर 1.02 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतें क्रमशः 500-500 रुपये बढ़कर 81,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं।

#### छह सत्रों में चांदी 10 हजार रुपए हुई तेज

चांदी 1,000 रुपये बढ़कर 1.02 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो मंगलवार को 1.01 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले छह कारोबारी सत्रों में चांदी की कीमतों में 10,000 रुपये की तेजी आई है। 16 अक्टूबर से सोने में 2,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई है।





#### अनुकूल ब्याज चक्र सोने में वृद्धि का प्रमुख कारण

एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''चल रहे अनुकूल ब्याज दर चक्र, सोने की वृद्धि का समर्थन करने वाले मुख्य कारकों में से एक रहा है।'' त्रिवेदी ने कहा कि इसके अलावा, आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता भी सोने की कीमतों को ऊंचा रखने में भूमिका निभा रही है।

- लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही
- सोना 500 रुपए बढ़कर 81,500 रु. प्रति दस ग्राम
- चांदी में 1000 रुपए की बढ़त दर्ज की गई

#### चांदी के अनुबंध की कीमत में गिरावट

इस बीच, दिसंबर डिलिवरी वाले चांदी के अनुबंध की कीमत 456 रुपये की गिरावट के साथ 99,516 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। दिन के कारोबार के दौरान एमसीएक्स में सोना 109 रुपये या 0.11 प्रतिशत बढ़कर 1,00,081 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब पहुंच गया।

*कॉमेक्स में सोना 2750 डॉलर के करीब : कॉमेक्स में बढ़त के कारण सोने की कीमतों में एक और सकारात्मक बदलाव देखने को मिला, जहां सोना 2,750 डॉलर के करीब पहुंच गया। इससे एमसीएक्स में सोने को 78,750 रुपये से ऊपर रहने में मदद मिली।*

कॉमेक्स में सोना वायदा बढ़कर : वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 0.17 प्रतिशत बढ़कर 2,764.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। चांदी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34.74 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई।

#### भू-राजनीतिक तनाव से सराफा में उछाल

जुलाई में, सरकार द्वारा सोने और अन्य धातुओं पर मूल सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में सात प्रतिशत की तीव्र गिरावट आई थी। हालांकि, चालू त्योहारों की वजह से, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों और भू-राजनीतिक तनावों के कारण भारतीय उपभोक्ताओं की मांग बढ़ने से सराफा की कीमतों में उछाल आया।

#### डिलिवरी वाला सोने का अनुबंध बढ़कर

एमसीएक्स के वायदा कारोबार में दिसंबर डिलिवरी वाला सोने का अनुबंध 112 रुपये बढ़कर 78,768 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। दिन के दौरान सोना 263 रुपये बढ़कर 78,919 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

# सरकार ने सफेद चावल पर से न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- गैर-बासमती सफेद चावल से 490 डॉलर प्रति टन का एमईपी हटाया
- सरकार ने 28 सितंबर को पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था

सरकार ने बुधवार को गैर-बासमती सफेद चावल की निर्यात खेप पर 490 डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को हटा दिया। इस कदम का उद्देश्य इस जिंस के निर्यात को बढ़ावा देना है।

सरकार ने 28 सितंबर को गैर-बासमती सफेद चावल की विदेशी खेपों पर पूर्ण प्रतिबंध हटा लिया था और न्यूनतम निर्यात मूल्य लागू कर दिया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, ''गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात के लिए एमईपी की आवश्यकता... तत्काल प्रभाव से हटा दी गई है।''

सरकार ने 20 जुलाई, 2023 को गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था। ये उपाय ऐसे समय में किए गए हैं जब देश में सरकारी गोदामों में चावल का पर्याप्त स्टॉक है और खुदरा कीमतें भी नियंत्रण में हैं। इससे पहले, सरकार ने निर्यात खेप को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य को खत्म कर दिया था।

भारत ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान 20.1 करोड़ डॉलर मूल्य के गैर-बासमती सफेद चावल निर्यात किया है। वर्ष 2023-24 में यह निर्यात 85 करोड़ 25.2 लाख डॉलर का हुआ था। हालांकि निर्यात पर प्रतिबंध था, लेकिन सरकार मालदीव, मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अफ्रीका जैसे मित्र देशों को निर्यात खेप की अनुमति दे रही थी।

#### वैश्विक बाजार में इस चावल की अच्छी मांग

चावल की इस किस्म का भारत में व्यापक रूप से सेवन किया जाता है और वैश्विक बाजारों में भी इसकी मांग है, खासकर उन देशों में जहां बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध उन कारकों में से एक है जिसने खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला को बाधित किया है।

# बिकवाली दबाव से शेयर बाजार में गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- सेंसेक्स 139 और निफ्टी 36 अंक टूटा
- वाहन और औषधि कंपनियों के शेयरों में हुई मुनाफा वसूली



स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 138 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच वाहन, औषधि और पूंजीगत सामान कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट आई।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 138.74 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,081.98 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल तीस शेयरों में 22 नुकसान में रहे। निफ्टी भी 36.60 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,435.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस के दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम आने के बाद कंपनी का शेयर लगभग पांच प्रतिशत चढ़ गया। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर, 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही में 13 प्रतिशत बढ़कर 4,014 करोड़ रुपये रहा। लाभ में रहने वाले अन्य शेयरों में टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बजाज फिनसर्व शामिल हैं।

#### बाजार में बनी रहेगी अनिश्चितता

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कंपनियों के तिमाही परिणाम हल्के रहने और एफआईआई की निकासी जारी रहने से निवेशकों के बीच बाजार को लेकर धारणा प्रभावित हुई। हालांकि, मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में हाल की गिरावट के बाद लिवाली देखने को मिली। वैसे इस स्थिति के आगे बने रहने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।''

# यूनियन बैंक पर लगा 54 लाख रुपए का जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- एफआईयू ने संदिग्ध लेनदेन के लिए लगाया जुर्माना

वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने संदिग्ध लेनदेन के बारे में जानकारी न देने और मुंबई स्थित एक शाखा में कुछ खातों की पीएमएलए के तहत उचित पड़ताल नहीं करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 54 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय के तहत संचालित एफआईयू ने एक अक्टूबर को धनशोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 13 के तहत जुर्माना नोटिस जारी किया। एजेंसी ने कहा कि बैंक की लिखित एवं मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद उसके खिलाफ लगे आरोपों को पुष्ट पाया गया। एफआईयू ने इस मामले की जांच के दौरान बैंक के परिचालन की 'व्यापक समीक्षा' में अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) और धनशोधन-रोधी (एएमएल) अनुपालन से संबंधित कुछ 'अनियमितताएं' पाई गईं। चालू खातों की एक स्वतंत्र जांच से पता चला है कि एक एनबीएफसी और उससे जुड़ी इकाइयों के खाते में सामान्य नियंत्रण वाली इकाइयों के जरिये बड़े पैमाने पर पैसे भेजे जा रहे थे।

*बैंक को जारी किया गया नोटिस एफआईयू ने कहा कि बैंक की उचित पड़ताल और निगरानी की पर्याप्तता के बारे में चिंताएं पैदा होने के बाद उसे एक नोटिस जारी किया गया और उसका जवाब आने के बाद यह कार्रवाई की गई। बैंक पर 54 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।*

# एनएमडीसी ने लौह अयस्क की कीमतों में 18 फीसदी की वृद्धि की

- 'लम्प' अयस्क की कीमत में 18 .69 प्रतिशत की वृद्धि हुई

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

एनएमडीसी ने 23 अक्टूबर से अपने लौह अयस्क की कीमतों में एक और बढ़ोतरी की घोषणा की है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। इस वर्ष अगस्त से अब तक 'लम्प' अयस्क की कीमत में 18.69 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

केवल अक्टूबर में ही 10.43 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसकी कीमत अब 6,350 रुपये प्रति टन हो गयी है। अगस्त से हालांकि अब तक 'फाइंस' की कीमत में 17.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अक्टूबर में करीब आठ प्रतिशत की वृद्धि के साथ इसकी कीमत अब 5,410 रुपये प्रति टन हो गई है। इससे पहले एक अक्टूबर को मूल्य संशोधन से 'लम्प' अयस्क की कीमत 5,750 रुपये प्रति टन और 'फाइंस' की कीमत 5,010 रुपये प्रति टन हो गई थी।




#### मूल्य वृद्धि में जीएसटी शामिल नहीं

मूल्य वृद्धि में रॉयल्टी, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) शुल्क तथा राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी) शुल्क शामिल है। हालांकि उपकर, वन 'परमिट' शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा अन्य कर शामिल नहीं हैं।

## आईएमएफ के एक अधिकारी ने कहा, देश की वृहद आर्थिक बुनियाद अच्छी

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और देश की वृहद आर्थिक बुनियाद अच्छी है।

आईएमएफ में एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने साक्षात्कार में कहा, '' भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

हम वित्त वर्ष 2024-25 में सात प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसे ग्रामीण खपत में सुधार से समर्थन मिलेगा क्योंकि फसलें अनुकूल रही हैं। खाद्य कीमतों के सामान्य होने से कुछ उतार-चढ़ाव के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति घटकर 4.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।''

#### लालफीताशाही अभी भी कायम

श्रीनिवासन ने एक सवाल के जवाब में कहा, '' सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना एक और सुधार है। अंत में, मैं कहूंगा कि लोगों से बात करने पर आपको अब भी बहुत सारी लालफीताशाही वगैरह देखने को मिलेगी। कारोबारी माहौल में सुधार करना महत्वपूर्ण पहलू होगा। ये कुछ ऐसे सुधार हैं जिन्हें मैं प्राथमिकता दूंगा।''

#### हम वित्त वर्ष 2024-25 में सात प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाते हैं



*सेवा क्षेत्र में अधिक नौकरियां का सृजन संभव कार्यबल के कौशल में निवेश की आवश्यकता पर बल देते हुए श्रीनिवासन ने कहा, '' एक ऐसी अर्थव्यवस्था... जो सेवा क्षेत्र में काफी अधिक नौकरियों का सृजन कर सकती है, सही कौशल होना महत्वपूर्ण है। इसलिए, शिक्षा में निवेश करना, श्रम बलों को कुशल बनाना बहुत महत्वपूर्ण है।'*

#### प्रतिस्पर्धी बनने कुछ पाबंदियां हटानी होगी

श्रीनिवासन ने कहा, '' दूसरी बात यह है कि यदि आप प्रतिस्पर्धी बनना चाहते हैं, तो आपको कुछ व्यापार पाबंदियों को हटाना होगा... क्योंकि जब आप व्यापार को उदार बनाते हैं, तो आप उत्पादक कंपनियों को जीवित रहने की अनुमति देते हैं। वहां अधिक प्रतिस्पर्धा है और यह नौकरियां सृजन कर सकता है। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि अधिक व्यापार पाबंदियां हटाई जाएं।'

#### सुधारों को जारी रख बुनियादी ढांचा करे मजबूत

श्रीनिवासन ने कहा, '' और अंततः मैं कहूंगा कि सुधारों को जारी रखें... बुनियादी ढांचे को मजबूत करें, चाहे वह भौतिक बुनियादी ढांचा हो या डिजिटल बुनियादी ढांचा। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह इसी के साथ जारी रहेगा। हालांकि मैं कहूंगा कि इससे आगे बढ़कर आपको कृषि तथा भूमि सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। आपको शिक्षा और कौशल को मजबूत करने के बारे में सोचना होगा।''



## बिजनेस साइट

### पुष्य नक्षत्र के अवसर पर अनोपचंद तिलोकचंद में खास ज्वेलरी कलेक्शन



**रायपुर।** कोतवाली चौक स्थित अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स ने पुष्य नक्षत्र और त्योहारी सीजन के उपलक्ष्य में शानदार स्वर्ण, डायमंड, सिल्वर, जड़ाऊ और कुंदन जड़ित ज्वेलरी का विशेष कलेक्शन प्रस्तुत किया है। जो समृद्धी, संस्कृति और खूबसूरती को प्रस्तुत करता है। संचालक तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि पिछले 67 वर्षों से ज्वेलर्स ने ग्राहकों का विश्वास जीता है और लोग उत्साह से आभूषण खरीद रहे हैं। शोरुम की खासियत पारदर्शिता, विश्वसनीयता और उच्च गुणवत्ता है, जो ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाती है।

उन्होंने कहा कि अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स ग्राहकों की हर खुशी, उल्लास एवं उत्सव में भागीदार रहा है और आगे भी रहेगा। घर में कोई भी उत्सव हो या शादी इसके लिए अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में सोना-चांदी, थाली कटोरी, डिनर सेट, गिलास, बर्तन, जड़ाऊ, कुंदन, मोती, रजवाड़ा, चूड़ी-कंगन की नई डिजाइनें उपलब्ध रहती है। विशेष रूप से शादी-ब्याह के लिए एक्सक्लूसिव ब्राइडल सेट की डिजाइन तैयार की गई हैं। अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में हर डिजाइन अनोखी और गुणवत्ता वाली होती है। त्योहारों के मौसम को ध्यान में रखते हुए, ज्वेलरी में लाइट वेट विकल्प, गोल्ड प्लेटेड सेट और चांदी के फैंसी आइटम्स भी उपलब्ध हैं। इसके साथ ही ग्राहकों के लिए हीरे की खरीद पर उपहार और ईएमआई की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

### जिन्दल पैंथर सीमेंट की बड़ी छलांग की 'ग्रीन सीमेंट' क्रांति की शुरुआत

- सीमेंट उत्पादन के लिए अंगुल स्टील प्लांट स्थित ब्लास्ट फर्नेस के स्लैग का इस्तेमाल होगा

**रायपुर।** जिन्दल समूह के एक अभिन्न अंग, जिन्दल पैंथर सीमेंट (जेपीसी) ने ओडिशा के अंगुल में अपनी पहली सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट शुरू कर एक बड़ी छलांग लगाई है। 15 लाख टन प्रतिवर्ष (1.5 एम.टी.पी.ए.) क्षमता की यह अत्याधुनिक यूनिट नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के अंगुल इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट से निकलने वाले लगभग 10 लाख टन (1 एम.टी.पी.ए.) ब्लास्ट फर्नेस स्लैग का इस्तेमाल सीमेंट बनाने में करेगी। बड़ी बात यह है कि पूरे सीमेंट उद्योग जगत में सबसे कम क्लिंकर का उपयोग कर यह यूनिट न्यूनतम कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ेगी, जो जिन्दल समूह की एक बड़ी योजना का हिस्सा और उसकी प्रतिबद्धता है।

#### ग्रीन सीमेंट की दिशा में अग्रसर

जिन्दल पैंथर सीमेंट की अंगुल ग्राइंडिंग यूनिट का उद्देश्य मध्य और पूर्वी भारत के उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करते हुए उच्च गुणवत्ता वाला पोर्टलैंड स्लैग और कंपोजिट सीमेंट बनाना है। खास बात यह है कि जेएसपी में स्टील उत्पादन प्रक्रिया से निकले अपशिष्ट (वेस्टेज) का पुनः उपयोग करके जिन्दल पैंथर सीमेंट कार्बन फुटप्रिंट घटाने और दीर्घकालिक औद्योगिक प्रथाओं को स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण काम कर रहा है।

#### कार्बन फुटप्रिंट घटाना है उद्देश्य

आने वाले समय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जेपीसी जिस तरह आगे बढ़ रहा है, वह जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के बड़े पैमाने पर कार्बन फुटप्रिंट घटाने के उद्देश्यों से मेल खाता है, जो पूरे समूह को एक हरित एवं स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में अग्रसर करेगा।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का मैच आज

**अहमदाबाद।** भारतीय महिला टीम टी20 विश्व कप के निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की श्रृंखला से अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी जिसमें हरमनप्रीत कौर की कप्तानी भी दांव पर लगी होगी। हरमनप्रीत के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल में संयुक्त अरब अमीरात में खेले गए टी20 विश्व कप में उनकी कप्तानी की काफी आलोचना हुई थी, भले ही उन्होंने भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। भारत इस टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से बाहर हो गया था।

### त्रिपुरा के खिलाफ नहीं खेलेंगे श्रेयस अय्यर



**मुंबई।** मुंबई के सीनियर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर निजी कारणों से त्रिपुरा के खिलाफ अगरतला में 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के तीसरे दौर के मैच में नहीं खेलेंगे। मुंबई क्रिकेट संघ ने बुधवार को बताया कि अय्यर ने मुंबई की सीनियर चयन समिति से कुछ दिन का विश्राम देने की अपील की थी जिसे स्वीकार कर लिया गया है। मुंबई ने अभी तक वर्तमान सत्र में जो तीन घरेलू मैच खेले हैं उन सभी में यह 29 वर्षीय बल्लेबाज टीम का हिस्सा था।

मैच का प्रसारण स्पोर्ट्स-18 पर आज सुबह 9.30 बजे से

# टेस्ट : श्रृंखला में वापसी करने उतरेगा भारत, संतुलित टीम से मिलेगी जीत

एजेंसी ▶▶ पुणे

पहले मैच में अप्रत्याशित हार से आहत भारत को अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला में वापसी करनी है तो उसे गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे मैच में सही तरह से चयन करके संतुलित टीम मैदान पर उतारनी होगी। भारत बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में केवल 46 रन पर आउट हो गया था। उसने दूसरी पारी में अच्छा खेल दिखाया लेकिन इसके बावजूद उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में अभी शीर्ष पर है लेकिन पहले मैच में हार के कारण उसे कुछ अंक गंवाने पड़े। अगले महीने पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाने से पहले रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की प्राथमिकता न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।



#### पिच काली मिट्टी से तैयार

एमसीए स्टेडियम की पिच को भारत की स्थिति को देखकर तैयार किया गया है। इस पर घास नहीं है और इसे काली मिट्टी से तैयार किया गया है जिस पर न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को बेंगलुरु जैसी उछाल नहीं मिलेगी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों विलियम ओरूर्के, मैट हेनरी और टिम साउदी ने पहले मैच में भारतीय बल्लेबाजों को खासा परेशान किया था। ऐसे में भारत टर्निंग विकेट तैयार कर सकता है लेकिन अतीत में उसका यह दांव उल्टा भी पड़ चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने आठ साल पहले यहां टर्निंग विकेट पर भारत को 333 रन से हराया था।

#### राहुल पर लटकी तलवार

शुभमन गिल वापसी करने के लिए तैयार है तथा केएल राहुल और सरफराज खान में से किसी एक को उनके लिए जगह खाली करनी होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर राहुल को अधिक मौके दिए जाने के पक्ष में हैं लेकिन सरफराज ने बेंगलुरु में दूसरी पारी में 150 रन बनाकर अपना पक्ष मजबूत कर दिया है।

#### रोहित और कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद

भारत को सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। कोहली ने 2019-20 के सत्र में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां 254 रन की नाबाद पारी खेली थी और वह उससे प्रेरणा लेकर बड़ी पारी खेलना चाहेंगे।

#### सिराज का प्रदर्शन चिंता का विषय

भारत की समस्या बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं है। उसकी गेंदबाजी में भी कुछ समस्या हैं विशेषकर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का लगातार खराब प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में टीम प्रबंधन आकाशदीप को मौका दे सकता है जिन्होंने मंगलवार को बल्लेबाजी का भी जमकर अभ्यास किया। पिच से अगर स्पिन गेंदबाजों को मदद मिलती है तो रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा इसका पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। वाशिंगटन सुंदर को भी टीम में शामिल किया गया है।

#### विकेटकीपिंग करेंगे पंत

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि ऋषभ पंत को फिटनेस की कोई समस्या नहीं है और वह विकेटकीपिंग करेंगे। जसप्रीत बुमराह के कार्यभार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के बाद फैसला लिया जाएगा। पंत को बेंगलुरु में पहले टेस्ट के दूसरे दिन चोट लगी थी और उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की थी। पंत ने वापसी करके 99 रन बनाए लेकिन विकेटकीपिंग नहीं की।

टेस्ट रैंकिंग



### कोहली से आगे निकले पंत

**दुबई।** ऋषभ पंत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की बल्लेबाजों के लिए टेस्ट रैंकिंग में अपने सुपरस्टार भारतीय साथी विराट कोहली को पीछे छोड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 99 रन बनाए थे जिससे उन्हें रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ। दूसरी तरफ कोहली 70 रन बनाने के बावजूद एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे गिरकर श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके बाद रविचंद्रन अश्विन का नंबर आता है जबकि रविंद्र जडेजा पहले की तरह सातवें स्थान पर बने हुए हैं।

## भारत को जर्मनी से 0-2 से मिली हार, गंवाए आठ पेनल्टी कॉर्नर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आठ पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक मिलने के बावजूद गोल नहीं कर सकी भारतीय हॉकी टीम को दिल्ली में एक दशक बाद हो रहे अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच में जर्मनी की युवा टीम ने बुधवार को 2-0 से हरा दिया। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर 11 साल बाद हो रहे इस मुकाबले में जर्मनी का पलड़ा पहले से आखिरी मिनट तक भारी रहा जिसने भारतीय टीम को पूरे समय दबाव में रखा।



#### सुल्तान ऑफ जोहोर कप : ऑस्ट्रेलिया से 0-4 से हारा भारत

**जोहोर बाहरू।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम के अजेय अभियान पर विराम लगाते हुए बुधवार को यहां सुल्तान ऑफ जोहोर हॉकी टूर्नामेंट में 4-0 से जीत दर्ज की। भारत की अग्रिम पंक्ति को ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस को भेदने के लिए जूझना पड़ा जबकि पैट्रिक एंड्रयू (29वें मिनट) ने विरोधी टीम का खाता खोला जिसके बाद डेकिन स्टेंगर (33वें, 39वें और 53वें मिनट) ने हैट्रिक बनाकर टीम की आसान जीत सुनिश्चित की।

### बोवेस का वर्ल्ड रिकॉर्ड 103 गेंद में दोहरा शतक

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज चाड बोवेस ने बुधवार को केवल 103 गेंद पर दोहरा शतक जड़कर लिस्ट ए क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बनाया। बोवेस ने खेल के इस प्रारूप में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया जो इससे पहले भारत के नारायण जगदीसन और ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड के नाम दर्ज था। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बोवेस ने फोर्ड ट्रॉफी में कैंटरबरी की तरफ से ओटागो के खिलाफ खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की। वह आखिर में 110 गेंद पर 205 रन बनाकर आउट हुए जो लिस्ट ए क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर भी है। जगदीसन और हेड ने 114 गेंदों में अपने-अपने दोहरे शतक पूरे किए थे। हेड ने 2021-22 में मार्श कप में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए, जबकि तमिलनाडु के जगदीसन ने 2022 विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ 277 रन की पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी।

## जिम्बाब्वे ने 344 रन ठोक टी20 में बनाया नया वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नैरोबी



आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप सब रीजनल अफ्रीका क्वालीफायर, 2024 के एक मुकाबले में जिम्बाब्वे ने टी20 अंतरराष्ट्रीय का हाइएस्ट टीम स्कोर बनाकर इतिहास रच दिया। गांबिया के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 344 रन का स्कोर बनाकर नेपाल और भारत को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले टी20 में नेपाल ने मंगोलिया के खिलाफ 314 रन बनाए थे। जवाब में गांबिया की टीम सिर्फ 54 रन पर ढेर हो गई और उसे 290 रन से हार मिली। सिकंदर रजा ने महज 33 गेंद पर शतक जड़कर टी20 में सबसे तेज शतक लगाने वाले संयुक्त रूप से दूसरे बल्लेबाज बने। कप्तान रजा ने नामीबिया के जॉन निकोल लोफ्टी इटन की बराबरी की।

सिकंदर रजा ने 43 गेंद में बनाए नाबाद 133 रन

रजा सबसे तेज शतक लगाने वाले संयुक्त दूसरे बल्लेबाज

#### सबसे तेज शतकीर

| खिलाड़ी | देश | खिलाफ | गेंद |
|---|---|---|---|
| साहिल चौहान | एस्टोनिया | साइप्रस | 27 |
| जान निकोल | नामीबिया | नेपाल | 33 |
| सिकंदर रजा | जिम्बाब्वे | गांबिया | 33 |
| कुशल मल्ला | नेपाल | मंगोलिया | 34 |
| डेविड मिलर | द.अफ्रीका | बांग्लादेश | 35 |
| रोहित शर्मा | भारत | श्रीलंका | 35 |

#### सर्वाधिक स्कोरर टीम

| देश | रन | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| जिम्बाब्वे | 344 | गांबिया | 2024 |
| नेपाल | 314 | मंगोलिया | 2023 |
| भारत | 297 | बांग्लादेश | 2024 |
| जिम्बाब्वे | 286 | नैरोबी | 2024 |
| अफगानिस्तान | 278 | आयरलैंड | 2019 |






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com